

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 183

ग्वालियर, गुरुवार, 24 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## मंदिर के मेलों में मुस्लिमों को दुकान लगाने पर प्रतिबंध, कर्नाटक में लगाए जा रहे पोस्टर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के स्कूलों और कॉलेजों में हिजाब पहनने पर पांबदी लगाई जा चुकी है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद भी कर्नाटक में हिजाब विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाईकोर्ट के फैसले के विरोध में कई मुस्लिम संगठनों ने राज्य में बंद का आह्वान किया है। अब खबर है कि कर्नाटक के तटीय इलाकों में लगने वाले मेलों में मुस्लिम संगठनों को दुकान लगाने से मना किया गया है। दक्षिणपंथी हिंदू संगठन आयोजन समिति पर दबाव बना रहे हैं और वे नहीं चाहते कि मेलों में मुसलमानों की दुकानें लगाई जाएं। पिछले दिनों कर्नाटक हाईकोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया था जिसके बाद कई मुस्लिम दुकानदारों ने इसके विरोध में आकर अपनी सारी दुकानें बंद कर दी थी। कर्नाटक के तटीय इलाकों के मंदिरों में हर साल उत्सव मनाया जाता है और इस दौरान भारी संख्या में अप्रैल-मई के महीने में मेले लगाए जाते हैं। इस मेले से करोड़ों का राजस्व मिलता है। कर्नाटक में कई सांप्रदायिक तनाव हुए लेकिन इस तनाव से कभी भी त्योहारों में समुदाय के बिजनेस को नुकसान नहीं पहुंचा है लेकिन इस हिजाब विवाद के कारण विरोध में मुसलमानों द्वारा दुकानों को बंद रखना और अब हिंदू के त्योहारों में मुसलमानों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग जारी हो गई है। आपको बता दें कि सलाना कर्नाटक के महालिंगेश्वर मंदिर में उत्सव आयोजकों द्वारा स्टॉल आवंटित की निलामी होती है लेकिन 20 अप्रैल को होने वाली इस निलामी में मुसलमान भाग नहीं ले पाएंगे। आयोजकों ने ऐलान किया है कि 31 मार्च को होने वाली निलामी में केवल हिंदू ही शामिल होंगे। वहीं मंदिरों के अधिकारियों की तरफ से अभी तक कोई बयान नहीं आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हिंदू जागरण वेदिके के मंगलुरु डिवीजन के महासचिव प्रकाश कुक्केहल्ली ने कहा कि कर्नाटक हाईकोर्ट द्वारा हिजाब पर फैसला सुनाने के बाद मुस्लिम संगठनों ने विरोध में अपनी दुकानें बंद कर दी थी, जिससे स्थानीय मंदिर में पूजा करने वाले लोग काफी नाराज हो गए थे। वहीं दक्षिण कन्नड़ जिले में, बप्पनडुई दुर्गापमेश्वरी मंदिर के वार्षिक उत्सवों के एक होर्डिंग में लिखा गया है कि, जो लोग कानून को नहीं मानते और गायों की हत्या करते है जिन्हें हम पूजते हैं और जो एकता के खिलाफ हैं उन्हें बिजनेस करने की भी इजाजत नहीं दी जाएगी। होर्डिंग में आगे लिखा था कि बिजनेस करने से रोका जाएगा और हिंदू जागरूक है। मंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त एन शशि कुमार ने बताया कि जांच हो रही है कि यह होर्डिंग किसने लगाए हैं।



## देशभर में हो रही है किसानों की जमीन लूटने की साजिशः टिकैत

**लातेहार।** किसान नेता राकेश टिकैत ने आरोप लगाया कि पूरे देश में किसानों की जमीन लूटने की साजिश हो रही है। नेतरहाट के टुटुआपानी में प्रस्तावित फील्ड फायरिंग रेंज को रद्द करने की मांग को लेकर दो दिवसीय विरोध प्रदर्शन के प्रारंभ के अवसर पर यहां टिकैत ने यह आरोप लगाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित टिकैत ने आंदोलन कर रहे लोगों का समर्थन करते हुए कहा कि देशभर में इसके लिए देशभर में बड़ा आंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपनी जमीन को बचाने के लिए जिस प्रकार यहां के आदिवासी समाज के लोग पिछले 28 वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के इस संघर्ष में वह पूरी तरह सहयोग करने को तैयार हैं। टिकैत ने कहा कि वर्तमान में सरकार किसानों को मजदूर बनाने पर तुली हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की जमीन लूट कर वहां बड़े-बड़े उद्योग बैठाया जा रहा हैं और इस तरह एकतरफ उद्योगपतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है जबकि दूसरी तरफ किसानों को मजदूर बना दिया जा रहा है।



## दुनिया में इस्लाम विरोधी नैरेटिव के प्रसार के लिए मुस्लिम समाज स्वयं जिम्मेदारः इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को इस्लामाबाद में संसद भवन में इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के 48वें विदेश मंत्री परिषद (सीएफएम) के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए दुनियाभर में इस्लाम विरोधी नैरेटिव या इस्लामोफोबिया के प्रसार के लिए मुस्लिम समाज स्वयं जिम्मेदार है। मुस्लिम समाज ने लोगों को इस भय से बाहर निकलने के लिए कुछ नहीं किया। यही वजह है आज मुस्लिमों को शंका की नजर से देखा जाने लगा है। एक हथियारबंद शख्स द्वारा मस्जिद पर हमले की घटना का जिक्र करते हुए इमरान खान ने कहा बदकिस्मती से हमने इस गलत नैरेटिव को फैलने से रोकने के लिए कुछ नहीं किया। नतीजतन, पश्चिम ने इस पर यकीन कर लिया। उन्होंने कहा हमारे पास आत्मविश्वास नहीं है। हम किसी तरह की मदद के लिए दूसरों की ओर देखते हैं। हमें एक ब्लॉक के रूप में रहना चाहिए और खुद को अमन में भागीदार के रूप में दिखाना चाहिए। खान ने 15 मार्च को इस्लामोफोबिया का मुकाबला करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में चिह्नित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र की ओर से प्रस्ताव पारित किए जाने पर ओआईसी सदस्यों को बधाई दी।



# चुनाव खत्म होते ही महंगाई बढ़ी, कांग्रेस ने कहा, जनता को भाजपा का गिफ्ट

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव खत्म होते ही महंगाई फिर से दिखनी शुरू हो चुकी है। इसके बाद केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए विपक्ष ने इस जनता के लिए भाजपा का गिफ्ट बताया। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार दूसरे दिन 80 पैसे का इजाफा किया गया है। घरेलू गैस सिलेंडरों के दाम में मंगलवार को ही 50 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई थी। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत अब 97.01 रुपए प्रति लीटर होगी, जो पहले 96.21 रुपए प्रति लीटर थी। वहीं, डीजल की कीमत 87.47 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 88.27 रुपए हो गई है। पिछले साल मार्च में दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 91 रुपए और डीजल की कीमत 81 रुपए थी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2022 के प्रचार के दौरान मैंने पहले ही कहा था कि अगर भाजपा सत्ता में आई, तब पेट्रोल, डीजल और एलपीजी के घरेलू सिलेंडर की कीमतें बढ़ेंगी। चार राज्यों में सरकार बनाने के बाद ईंधन और गैस की कीमतों में वृद्धि देश के लोगों के लिए भाजपा का पहला उपहार है। इस तरह की महंगाई आगे भी जारी रहने की आशंका है। बताया जा रहा है कि तेल कंपनियां 17 रुपए प्रति लीटर तक कीमतें बढ़ा सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जो क्रूड ऑयल नवंबर में 81.6 डॉलर प्रति बैरल था, वह अब बढ़कर 115 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। उत्तर प्रदेश और पंजाब जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव से पहले चार नवंबर से कीमतें स्थिर थीं। रिकॉर्ड 137 दिन के बाद 22 मार्च को कीमत में 80 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। तेल कंपनियां अब घाटे की भरपाई कर रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में हुई वृद्धि से पूरी तरह से पार पाने के लिए दरों में 15-20 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की आवश्यकता है।




### पेट्रोल-डीजल ने लगातार दूसरे दिन दिया महंगाई का करंट

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के नए रेट जारी कर दी हैं। आज भी पेट्रोल-डीजल के दाम में बढ़ोतरी हुई है। लगातार दूसरे दिन दोनों ईंधन की कीमतों में 80-80 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। आज देश की राजधानी दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 97.01 रुपये हो गई है, जबकि डीजल की कीमत 88.27 रुपये है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 111.67 रुपये प्रति लीटर की दर से बिक रहा है, जबकि डीजल 95.85 रुपये पर है। नए रेट के मुताबिक आज भी देश में सबसे सस्ता पेट्रोल 84.30 रुपये लीटर के हिसाब से पोर्ट ब्लेयर में बिक रहा है तो डीजल भी यहां 78.52 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, पेट्रोल भापोल, जयपुर, पटना, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु में 100 के पार है। देश का सबसे महंगा पेट्रोल और डीजल राजस्थान के श्रीगंगानगर में है। यहां एक लीटर पेट्रोल की कीमत 113.87 रुपये और डीजल 96.91 रुपये है। जानकारों का कहना है कि पिछले बार पेट्रोल-डीजल की कीमत 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंचने पर केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में कटौती की थी। पेट्रोल पर यह कटौती पांच रुपये प्रति लीटर थी, जबकि डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई थी।

## पुष्कर सिंह धामी बने उत्तराखण्ड के 12वें मुख्यमंत्री, आठ कैबिनेट मंत्रियों ने भी ली पद एवं गोपनीयता की शपथ



**देहरादून।** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ आठ कैबिनेट मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। आज परेड ग्राउंड में आयोजित किये शपथ ग्रहण समारोह में सबसे पहले कैबिनेट मंत्री की सतपाल महाराज ने शपथ ली और वह पगड़ी पहनकर आये थे। इस अवसर पर दूसरे नंबर पर प्रेमचन्द अग्रवाल ने कैबिनेट मंत्री के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ ली। उन्होंने संस्कृत भाषा में शपथ ली। तीसरे नंबर पर गणेश जोशी ने कैबिनेट मंत्री के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ ली। चैथे नंबर पर डा. धनसिंह रावत ने कैबिनेट मंत्री के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ ली। पांचवें नंबर पर सुबोध उनियाल ने कैबिनेट मंत्री के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ ली। छठे नंबर पर रेखा आर्य ने कैबिनेट मंत्री के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर सातवें नंबर पर युवा व नया चेहरा होने पर पहली बार कैबिनेट मंत्री बने चन्दन राम दास ने कैबिनेट मंत्री के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ ली। आठवें नंबर पर नये चेहरे के रूप में विधायक सौरभ बहुगुणा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर सभी मंत्रियों को राज्यपाल सेनि ले. जनरल गुरमीत सिंह ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर राष्ट्रगान से शपथ ग्रहण समारोह का समापन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मंच सभी मंत्रियों व अन्य प्रदेशों से आये हुए अतिथियों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुलाकात की और अंतिम में हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया। वहीं लगभग आधे घंटे में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हो गया।

## चीन या नेपाल से गुजरे बिना कैलाश मानसरोवर की यात्रा कर सकते भारतीय



### गड़करी ने संसद को बताया पूरा प्लान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में बताया है कि दिसंबर 2023 तक भारतीय नागरिक चीन या नेपाल से गुजरे बिना कैलाश मानसरोवर की यात्रा कर सकते हैं। गडकरी ने बताया है कि उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के जरिए एक रास्ता बनाया जा रहा है जो सीधे मानसरोवर को जाएगा। उन्होंने कहा है, कि रास्ता के तैयार होने के बाद न सिर्फ समय में कटौती होगी बल्कि मुश्किल रास्ता भी पहले ही तुलना में बेहद आसान होगा। गडकरी के संसद में इस रास्ते को लेकर बताया है, कि वहां रास्ता तैयार करने में मुश्किलें आई हैं, लेकिन हम -5 डिग्री सेल्सियस में भी फाइटर जेट और हेलिकॉप्टर के जरिए मशीन पहुंचाए गए हैं। इस पूरे रास्ते का 85 फीसदी काम पूरा किया जा चुका है। दिसंबर 2023 तक इस रास्ते को पूरा कर लिया जाएगा। बता दें कि कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रा हिंदुओं के ही जैन और बौद्ध धर्म के लोगों के लिए भी धार्मिक महत्व रखती है। कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील तिब्बत के नागरी क्षेत्र में स्थित है। भक्तों का मानना है कि यहां शिव का निवास है। मानसरोवर झील को इसकारण महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि लोगों का मानना है, कि इस झील में देवी-देवता स्नान करते हैं। हर साल लाखों लोग इस पवित्र जगह पहुंचते हैं। मौजूदा वक्त में नेपाल और चीन के जरिए कैलाश मानसरोवर की यात्रा में 15-20 दिन लगते हैं। यह यात्रा बेहद कठिन है। यहां सिर्फ स्वस्थ लोग ही यात्रा के लिए आवेदन कर सकते हैं। सिर्फ ऊंचाई ही नहीं भूस्खलन होने के कारण यह क्षेत्र बेहद संवेदनशील है। 1998 में प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना प्रोतिमा गौरी बेदी सहित 180 से अधिक लोगों की कैलाश मानसरोवर की तीर्थ यात्रा के दौरान भूस्खलन में मौत हो गई थी। उत्तराखंड से कैलाश मानसरोवर के नए रास्ते को तीन खंड में बांट है। पहला खंड पिथौरागढ़ से तवाघाट तक 107.6 किलोमीटर का है। दूसरा तवाघाट से घाटियाबगढ़ तक 19.5 किलोमीटर सिंगल लेन पर है, तीसरा खंड घाटियाबगढ़ से चीन सीमा पर लिपुलेख दर्रे तक 80 किलोमीटर लंबा है, जिसे सिर्फ पैदल ही पार किया जा सकता है। इस खंड को कवर करने में करीब पांच दिन लगते हैं और यह एक कठिन यात्रा है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने तवाघाट से घाटियाबगढ़ को अब डबल लेन सड़क में बदल दिया है।

## पति से अलग होने पर भी पत्नी को ससुराल में रहने का अधिकार : दिल्ली हाईकोर्ट




**नई दिल्ली।** पति-पत्नी और ससुराल के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा कि घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत महिला को ससुर के घर में रहने का हक है, भले ही वह वैवाहिक अधिकारों की बहाली के लिए दाखिल पति की याचिका का विरोध कर रही है। मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि ससुराल में निवास पाने का अधिकार हिंदू विवाह अधिनियम के तहत उत्पन्न होने वाले किसी भी अधिकार से अलग है। इसी के साथ हाईकोर्ट ने महिला के सास-ससुर की उस दलील को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि जब बहू उनके बेटे के साथ रहने के लिए तैयार नहीं है तो उसे मकान में रहने का भी कोई अधिकार नहीं है। जस्टिटस चंद्रधारी सिंह ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दंपति की याचिका खारिज कर दी। दंपति ने याचिका में निचली अदालत के घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत महिला को ससुराल के घर में रहने का अधिकार दिए जाने के आदेश को चुनौती दी थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के तहत निवास का अधिकार, हिंदू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 9 (वैवाहिक अधिकारों का पालन) के तहत उत्पन्न होने वाले किसी भी अधिकार से अलग है। याचिकाकर्ता ने बताया था कि उनकी बहू ने विवाद के बाद सितंबर 2011 में अपनी ससुराल को छोड़ दिया था। याचिकाकर्ता ने कहा था कि दोनों पक्षों के बीच एक-दूसरे के खिलाफ 60 से अधिक दीवानी मुकदमे दायर किए गए हैं। इनमें से एक मामला महिला ने घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के तहत दायर किया था और कार्यवाही के दौरान महिला ने संबंधित संपत्ति में निवास के अधिकार का दावा किया था। इस मामले में निचली अदालत ने महिला की मांग को स्वीकार करते हुए कहा था कि वह मकान में पहली मंजिल पर रहने (निवास करने) की हकदार है। इस आदेश को सेशन कोर्ट ने भी सही ठहराया।

## भारत संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क के तहत जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के प्रति अड़िगः स्मृति



**जेनेवा।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन पर यूनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेंशन के तहत किए गए अपने सभी वादों को पूरा करने में दृढ़ता से यकीन रखता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं देश की सतत विकास यात्रा का एक अनिवार्य हिस्सा हैं और आगे भी रहेंगी। उन्होंने सोमवार को कहा एक ओर, जलवायु परिवर्तन के महिलाओं पर पड़ने वाले अत्यधिक प्रभाव को समझा जा रहा है, जबकि दूसरी ओर, लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण से इस क्षेत्र में जबरदस्त सामाजिक, आर्थिक और जलवायु अनुकूल फायदों को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। ईरानी 66वें कमीशन ऑन द स्टेटस ऑफ वुमेन (सीएसडब्ल्यू) के कार्यक्रम एक दुनिया जो हम महिलाएं और लड़कियां चाहती हैं ~ पर्यावरण के लिए जीवनशैली को संबोधित कर रही थीं। मंत्री ने वर्चुअल कार्यक्रम में कहा भारत जलवायु परिवर्तन पर यूएन फ्रेमवर्क कन्वेंशन के तहत किए गए अपने सभी वादों को पूरा करने में दृढ़ता से यकीन रखता है और उसे गर्व है कि देश का प्रति व्यक्ति कार्बन फुटप्रिंट वैश्विक औसत से 60 प्रतिशत कम है। उन्होंने कहा कि भारत ने ग्लासगो में सीओपी26 के दौरान अपनी महत्वाकांक्षा बढ़ायी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण निरंतरता जलवायु न्याय के जरिए ही हासिल की जा सकती है और हम सभी सहमत होंगे कि जलवायु परिवर्तन संबंधी सफल कार्रवाई के लिए पर्याप्त वित्त पोषण की भी आवश्यकता है। ईरानी ने कहा महिलाएं भारत की सतत विकास यात्रा का अनिवार्य हिस्सा हैं और रहेंगी।

## खास खबर

### रेलवे नवरात्रि में ट्रेनों में उपलब्ध कराएगी व्रत रखने वालों के लिए फलाहारी खाना

**नई दिल्ली।** नवरात्र के दौरान व्रत रखने वाले लोगों को ट्रेनों में सफर के दौरान किसी भी खाने पीने की परेशानी नहीं होगी। भारतीय रेलवे यात्रा के दौरान व्रत करने वाले लोगों का पूरा ध्यान रखेगा। आईआरसीटीसी ने यात्रा के दौरान लोगों को नवरात्र स्पेशल खाना देने का फैसला किया है। इस दौरान लोग अपना मनपसंद खाना आर्डर देकर सीट पर मंगवा सकेंगे। आईआरसीटीसी के अनुसार 2 अप्रैल से शुरू होने वाले नवरात्र में सफर के दौरान यात्रियों को व्रत का खाना दिया जाएगा। यात्री अपनी सुविधा अनुसार मनपसंद खाना ई कैटरिंग से या फिर 1323 पर बुक कर सीट पर मंगवा सकेंगे। यह खाना बिना लहसुन और प्याज का शुद्ध और सात्विक होगा। खाना बनाने में सेंधा नमक इस्तेमाल किया जाएगा। लोगों की पसंद को ध्यान में रखते हुए चार अलग-अलग तरह की थालियां उपलब?ध होंगी। इसकी कीमत 125 रुपये से लेकर 200 रुपये के बीच होने की संभावना है। इसके रेट आईआरसीटीसी आज फाइनल कर देगा। यह सुविधा 500 के करीब उन ट्रेनों में उपलब्ध होगी, जिनमें आईआरसीटीसी कैटरिंग की सुविधा दे रही है।



### कश्मीरी पडिंतों की दर्द और पीड़ा सामने लाने के लिए बनाई द कश्मीर फाइल्स फिल्म

**मुंबई।** द कश्मीर फाइल्स फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। फिल्म 200 करोड़ के क्लब में शामिल होने के बेहद करीब है। हर तरफ फिल्म की जबरदस्त चर्चा है। मूवी में कश्मीरी पंडितों के दर्द और पीड़ा को बेहद दमदार तरीके से दिखाया गया है। फिल्म को देखकर कई लोगों की आंखें नम हो गईं। इससे अंदाजा लगा लीजिए कि फिल्म लोगों पर किस पर तरह छाप छोड़ रही है। कई लोगों के मन में सवाल है, कि आखिर द कश्मीर फाइल्स फिल्म बनाई क्यों गई है? पल्लवी जोशी ने इस सवाल का जवाब दिया है। पल्लवी जोशी ने बताया है कि क्यों उन्होंने अपने पति विवेक अग्निहोत्री के साथ मिलकर द कश्मीर फाइल्स फिल्म को बनाया है। पल्लवी ने कहा कि ये 32 साल पुरानी कहानी है।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर लालू की बिगड़ी तबीयत, एम्स के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया

**नई दिल्ली।** एम्स दिल्ली में भर्ती लिए जाने से इंकार के बाद रांची लौटने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे लालू की तबीयत फिर बिगड़ गई है। जिसके बाद उन्हें दोबारा एम्स अस्पताल ले जाकर इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया है। इससे पहले मंगलवार को रांची से दिल्ली लाए गए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को एम्स के इमरजेंसी वार्ड में जांच पड़ताल के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया था। लालू मंगलवार की रात एम्स की इमरजेंसी पहुंचे थे। वहां कुछ घंटे उन्हें निगरानी में रखकर जांच की गई थी। इसके बाद रात को ही इमरजेंसी से उन्हें छुट्टी दे दी गई। चारा घोटाला केस में दोषी पाए जाने के बाद सजा काट रहे लालू को बुधवार की सुबह रांची ले जाया जा रहा था।

### कुशीनगर में जहरीली टाफी खाने से चार बच्चों की मौत

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में बुधवार की सुबह जहरीली टाफी खाने से एक ही परिवार के तीन मासूमों सहित चार बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद जब बार-बार सूचना देने पर भी मौके पर एंबुलेंस नहीं पहुंची तो परिवारीजन चारों बच्चों को बाइक से ही लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। गांव में एक साथ चार बच्चों की मौत से कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार कसया थाना क्षेत्र के कुड़वा उर्फ दिलीपनगर के लठउर टोला की मुखिया देवी सुबह घर के दरवाजे पर झाड़ू लगा रही थीं। इसी दौरान उन्हें एक पॉलिथिन में पांच टॉफी और नौ रुपए मिले। उन्होंने उसमें से तीन टॉफी अपने नातियों और एक टाफी पड़ोसी के बच्चे को दे दी। चारों बच्चे टॉफी खाने के बाद खेलने के लिए कुछ दूर ही आगे बढ़े थे कि बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। मासूम बच्चों को तड़पता देख ग्रामीणों ने एंबुलेंस को फोन किया। लेकिन जब काफी देर तक एंबुलेंस नहीं आई तो एक-एक बच्चों को बाइक पर बिठाकर जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने चारों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। मृत बच्चों में रसगुल की 5 वर्षीय बेटी मंजना, तीन वर्षीय स्वीटी और दो वर्षीय बेटा समर शामिल है। बलेसर का 5 वर्षीय इकलौते बेटे अरुण की भी टॉफी खाने से मौत हुई है। बुधवार की सुबह-सुबह चार बच्चों की मौत से गांव में कोहराम मच गया है। ग्रामीणों के मुताबिक टॉफी के रैपर पर बैठने वाली मक्खियों की भी मौत हो जा रही है। एक टॉफी सुरक्षित रखी गई है। एसडीएम कसया वरुण कुमार पांडेय ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी बातों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### पेरिस ओलंपिक के लिए दस लाख टिकट जारी होंगे

**पेरिस ।** पेरिस ओलंपिक के आयोजकों ने कहा है कि साल (2024) में होने वाले इन खेलों के लिए टिकटों की कीमत कम रखी गयी है। इसमें सबसे सस्ते टिकट की कीमत 24 यूरो करीब 2011 रुपये रहेगी। सबसे कम कीमत के ये टिकट सभी 32 खेल स्पर्धाओं के लिए उपलब्ध रहेंगे। आयोजन समिति के अनुसार ओलंपिक खेलों के लिए कुल 10 लाख टिकट जारी किये जायेंगे जिसमें से आधे से अधिक की कीमत 50 यूरो तकरीबन 4200 रुपये से कम रहेगी। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अनुसार 2012 के लंदन ओलंपिक की तुलना में इस बार टिकटों की कीमत कम है। लंदन ओलंपिक में सबसे सस्ता टिकट 20 पाउंड का था। वहीं इस बारे में पेरिस आयोजन समिति के अध्यक्ष टोनी एस्टांगुएट ने कहा।, ''यह हमारे लिए काफी अहम है, टिकट कम रहने से सभी के लिए ओलंपिक खेलों में पहुंचना आसान रहेगा। ''

### मिताली के नाम हुआ एक अनचाहा रिकॉर्ड

**हैमिल्टन ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज आईसीसी महिला विश्व कप क्रिकेट मुकाबले में अबतक लय में नहीं आयी है। बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में भी मिताली पहली ही गेंद पर शून्य पर ही आउट हो गयी। इसी के साथ मिताली के नाम एक ऐसा रिकार्ड जुड़ गया जिसे वह याद नहीं रखना चाहेंगी। मिताली यहां खेले गए मैच के दौरान विश्व कप में दूसरी बार गोल्डन डक का शिकार हुई हैं। मिताली इससे पहले साल 2017 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी गोल्डन डक का शिकार हुई थी। इस प्रकार वह टूर्नामेंट के इतिहास में 2 बार डोल्डन डक का शिकार होने वाली पहली कप्तान हैं। इसके अलावा वह पहली और एक मात्र भारतीय कप्तान भी हैं जो महिला विश्व कप में डोल्डन डक हुई हैं। इससे पहले मिताली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 जबकि वेस्टइंडीज के खिलाफ एक रन बनाया था जबकि पाकिस्तान के खिलाफ वह 31 रन ही बना पायीं। अब तक विश्व कप में वह केवल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही 68 रन बना पायी हैं।

### शुभमन आईपीएल में टाइटंस की ओर से खेलने तैयार

**नई दिल्ली ।** युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल इस बार आईपीएल में नई टीम गुजरात टाइटंस की ओर से खेलते नजर आयेंगे। शुभमन ने कहा है कि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में उन्होंने कुछ नए शॉट्स सीखे हैं जिन्हें वह टूर्नामेंट के दौरान खेलेंगे। शुभमन ने कहा है कि किसी टीम द्वारा बरकरार रखा जाना अहम बात है हालांकि मैंने तालमेल को लेकर ज्यादा नहीं सोचा हैं। अब मैं गुजरात टाइटंस टीम की ओर बेहतर प्रदर्शन को तैयार हूं। मुख्य कोच आशीष नेहरा और मेंटोर गैरी कर्स्टन के साथ काम में आनंद आया। मैंनें उनसे बात की है और मुझे भरोसा है कि एक टीम के रूप में हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। जहां तक आईपीएल की बात है मैंने करियर की शुरूआत में केकेआर के लिए छठे सातवें नंबर पर बल्लेबाजी की थी। पहले साल 2018 में मैने छठे नंबर पर बल्लेबाजी की। उस सत्र में एक बार चौथे नंबर पर उतरा था। दूसरे सत्र में मैंने सातवें नंबर पर बल्लेबाजी की और तीसरे सत्र में पारी की शुरूआत की। मुझे शीर्ष क्रम पर बल्लेबाजी पसंद है पर टीम की जरूरत हुई के अनुसार मैं किसी भी क्रम पर भी खेलने के लिए तैयार हूं। उन्होंने आगे कहा कि मैंने एनसीए पर बल्लेबाजी पर काम किया।

# बांग्लादेश पर जीत के साथ ही भारतीय महिला टीम अंक तालिका में तीसरे नंबर पर पहुंची

**हैम्लिटन ।** आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट में बांग्लादेश के खिलाफ मिली 110 रनों की शानदार जीत के साथ ही भारतीय टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बढ़ गयी हैं।

इस जीत के साथ ही भारतीय टीम अब अंक तालिका में वेस्टइंडीज को पीछे करते हुए तीसरे स्थान पर आ गयी है। भारतीय टीम ने अब तक 6 मैच खेले हैं। इसमें उसे 3 में जीत और इतने ही मुकाबले में हार मिली है। भारत के कुल 6 अंक हैं। इस जीत के बाद भारत का नेट रन रेट 0.768 हो गया है, जो दूसरे स्थान पर कायम दक्षिण अफ्रीका (0.092) से भी बेहतर है.

वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम टूर्नामेंट में लगातार छठी के साथ ही सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। ऑस्ट्रेलिया के 12 अंक हैं. वहीं दूसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका के 5 मैच में 4 जीत के साथ 8 अंक है और उसका भी सेमीफाइनल में जगह बनाना तय है। वहीं भारतीय टीम को अपना अंतिम लीग मुकाबला 27 मार्च को दक्षिण अफ्रीका से खेलना है। अगर



भारतीय टीम यह मुकाबला जीत लेती है तो फिर उसके 7 मैच में 4 जीत के साथ 8 अंक हो जाएंगे और टीम सीधे सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी हालांकि, अगर भारत यह मुकाबला हार जाता है, तो फिर उसे सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए बाकी लीग मुकाबलों के परिणामें पर निर्भर रहना होगा।

वेस्टइंडीज की स्थिति भी भारत जैसी है, उसने भी 6 मैच में से 3 जीते हैं पर उसे सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना आखिरी लीग मुकाबला हर हाल में जीतना होगा। अभी वेस्टइंडीज की टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर है पर टीम की सबसे बड़ी परेशानी उसका नेट रनरेट है। कैरेबियाई टीम का नेट रनरेट (-0.885) है. वहीं, इंग्लैंड की टीम अंक तालिका में पांच मैच में 2 जीत और तीन हार के साथ पांचवें स्थान पर है। इंग्लैंड भी सेमीफाइनल की दौड़ में बनी हुई है। अगर इंग्लैंड टीम अपने आखिरी दोनों लीग मैच जीत लेती है, तो उसके भी 8 अंक हो जाएंगे। ऐसे में सेमीफाइनल की दौड़ और रोमांचक हो जाएगी और फिर नेट रन रेट से फैसला होगा। वहीं मेजबान न्यूजीलैंड के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद कम है। टीम ने 6 मैच में से 2 ही जीते हैं और टीम अंक तालिका में 4 अंक के साथ छठे स्थान पर है।

# आईपीएलः विकेटकीपर में धोनी शीर्ष पर

**मुम्बई ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे सफल विकेटकीपरों में धोनी सहित सहित भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा है।

**चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) :**सीएसके टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल में विकेटकीपर के तौर पर सबसे ज्यादा सफल हैं। धोनी ने 220 मैचों में 122 कैच और 39 स्टंपिंग के साथ ही कुल 161 शिकार किये हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद भी धोनी आईपीएल में जमे हुए हैं। वह साल 2008 से आईपीएल खेल रहे हैं। टीम की सफलता में उनकी अहम भूमिका रही है।



**दिनेश कार्तिक :** आईपीएल के इस सत्र में आईपीएल 2022 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की ओर से खेलने जा रहे दिनेश कार्तिक विकेटकीपर के तौर पर सफलता के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। कार्तिक ने 213 मैचों में कुल 147 शिकार किए हैं, जिसमें 115 कैच और 32 स्टंपिंग शामिल है। कार्तिक पिछले सत्र में केकेआर के कप्तान थे पर टीम के खराब प्रदर्शन के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा।

**रॉबिन उथप्पा :**इस सत्र में सीएसके की ओर से खेलने जा रहे रॉबिन उथप्पा के नाम आईपीएल में विकेट कीपर के तौर पर कुल 90 विकेट हैं। उथप्पा ने 193 मैचों में 58 कैच और 32 स्टंपिंग की हैं। इस बार धोनी के विकेटकीपर की जिम्मेदारी संभालने के कारण उन्हें विकेटकीपर के तौर पर शायद ही अवसर मिले।

**ऋद्धिमान साहा :** ऋद्धिमान साहा ने 133 आईपीएल मैचों में अभी तक कुल 82 शिकार किए हैं, जिसमें 62 कैच और 20 स्टंपिंग शामिल है।

# सात भारतीय फुटबॉलर मैत्री मैच के लिए बहरीन रवाना नहीं हो पाये

**मनामा ।** भारतीय फुटबॉल टीम के सात खिलाड़ी वीजा मंजूरी नहीं मिलने के कारण बहरीन के खिलाफ बुधवार को होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में भाग लेने के लिए रवाना नहीं हो पाये। वहीं भारत की 25 सदस्यीय टीम में से अठारह खिलाड़ियों के साथ ही मुख्य कोच इगोर स्टिमक और सहयोगी स्टाफ मनामा पहुंच गया है। राष्ट्रीय टीम को बुधवार को मेजबान बहरीन के खिलाफ और शनिवार को बेलारूस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलने हैं। गोलकीपर अमरिंदर सिंह, रक्षा-पंक्ति के खिलाड़ी चिंगलेनसाना सिंह एवं आकाश मिश्रा और मिडफील्डर अनिरुद्ध थापा, ब्रैंडन फर्नांडीस, अनिकेत यादव तथा बिपिन सिंह अपने साथी खिलाड़ियों के साथ विमान में नहीं बैठ पाये। स्टिमक ने में कहा, हमें अपनी यात्रा में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सात खिलाड़ी मुंबई में रह गये हैं। हम अभी उनके वीजा की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं, जिसके लिए हमने दो महीने पहले आवेदन किया था। उन्होंने कहा,उम्मीद है कि उन्हें अनुमति मिल जायेगी और वे सभी उड़ान भरेंगे और टीम के साथ जुड़ सकेंगे।



पुर्तगाल में अभ्यास सत्र में भाग लेते हुए पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टीयानो रोनाल्डो।

## धवन को मिल सकती है ऑरेंज कैप : चोपड़ा



**मुम्बई ।** पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र में अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को ऑरेंज कैप मिल सकती है। वहीं पंजाब किंग्स प्ले-ऑफ में अपनी जगह बनाएगी और आगामी सत्र में शीर्ष-4 टीमों में जगह बनाएगी। उन्होंने कहा कि अपने पहले खिताब की तलाश में लगी पंजाब किंग्स टीम ने मेगा नीलामी में अच्छे खिलाड़ियों को खरीदा है। चोपड़ा ने कहा है कि पंजाब किंग्स टीम आईपीएल के आगामी सत्र में अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, धवन पंजाब किंग्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी होंगे। ऐसी संभावना है कि वह इस प्रक्रिया में ऑरेंज कैप भी हासिल कर सकते हैं। वहीं तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा सबसे अधिक विकेट लेकर वह पर्पल कैप जीत सकते हैं। वहीं सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट को लेकर मयंक अग्रवाल, लियाम लिविंगस्टोन और शाहरुख खान के बीच मुकाबला होगा। साथ ही कहा कि पंजाब शीर्ष-4 में पहुंच सकती है क्योंकि उनके पास अच्छे खिलाड़ी हैं। पंजाब किंग्स टीम की कप्तानी आगामी सत्र में मयंक अग्रवाल संभालेंगे।

## रिचर्डसन पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से बाहर

**सिडनी ।** पाकिस्तान के खिलाफ सीमित ओवरों की एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज शुरू होने से पहले ही ऑस्ट्रेलियाई टीम को करारा झटका लगा है। टीम के तेज गेंदबाज केन रिचर्डसन हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण एकदिवसीय और एकमात्र टी20 सीरीज से बाहर हो गये हैं। ऐसे में अब रिचर्डसन की जगह पर टीम में एक नये खिलाड़ी बेन द्वारशुइस को शामिल किया गया है हालांकि बेन ने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अपने एक बयान में कहा है कि दोनों देशों के बीच तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज के अलावा एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेला जाएगा।

## व्यापारन्यूज

### भारत ने पहली बार हासिल किया 400 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य

**नई दिल्ली ।** कोरोना संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध से उपजे हालात के बीच मोदी सरकार ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारत ने पहली बार 400 अरब डॉलर के माल निर्यात का लक्ष्य हासिल किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया ?कि भारत ने पहली बार 400 अरब डॉलर के माल निर्यात का लक्ष्य हासिल किया है। मैं इस सफलता के लिए अपने किसानों, बुनकरों, एमएसएमई, निर्माताओं, निर्यातकों को बधाई देता हूं। यह हमारी आत्मनिर्भर भारत यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ट्वीट में यह बताया गया है कि सरकार ने अपने तय समय सीमा से 9 दिन पहले ही यह लक्ष्य हासिल कर लिया। आंकड़ों के मुताबिक भारत ने हर दिन औसतन एक अरब डॉलर का माल निर्यात किया यानी हर दिन करीब 46 मिलियन डॉलर का माल दूसरे देशों को भेजा गया। अगर महीने की बात करें तो यह औसतन 33 अरब डॉलर प्रति माह बैठता है।

### स्टेंजा लिविंग ने ऋण से 425 करोड़ का वित्त जुटाया

**नई दिल्ली ।** किराए पर आवास मुहैया कराने वाली फर्म स्टेंजा लिविंग ने बुधवार को कहा कि उसने कारोबार विस्तार के लिए बैंकों से ऋण लेकर 425 करोड़ रुपए का वित्त जुटाया है। छात्रों एवं कामकाजी पेशेवरों को किराये पर आवास मुहैया कराने वाली फर्म स्टेंजा लिविंग ने एक बयान में कहा कि उसने कोटक महिंद्रा बैंक और आरबीएल बैंक से ऋण लेकर करीब 425 करोड़ रुपए का वित्त जुटाया है। वित्तपोषण के इस दौर में कंपनी की पुरानी ऋणदाता आल्टेरिया कैपिटल भी शामिल रही। कंपनी ने कहा कि इस वित्त का इस्तेमाल पूंजी व्यय और कई शहरों में कारोबार विस्तार के लिए किया जाएगा। फिलहाल 23 शहरों में वह परिचालन कर रही है। स्टेंजा लिविंग के प्रबंध निदेशक एवं सह-संस्थापक अनिंद्य दत्ता ने कहा ?कि ऋण के जरिये वित्त जुटाने की यह कोशिश बाजार की अल्पकालिक चुनौतियों से निपटने की योजना का हिस्सा है। इससे हमें इक्विटी पर ऊंचा रिटर्न देने और देश भर में अपना कारोबार फैलाने में मदद मिलेगी। गुरुग्राम स्थित इस कंपनी ने पिछले साल भी इक्विटी के जरिये 10 करोड़ डॉलर जुटाए थे। अब तक कंपनी करीब 22 करोड़ डॉलर का वित्त जुटा चुकी है।

### भारत मकानों की कीमतों में सालाना बढ़ोतरी मामले में 51वें स्थान पर

**नई दिल्ली ।** भारत मकानों की कीमतों में सालाना बढ़ोतरी के मामले में दुनियाभर के देशों में 51वें स्थान पर पहुंच गया है। 2021-22 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में देश में मकानों की कीमतों में 2.1 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में मकानों की कीमतें बढ़ने के मामले में भारत वैश्विक सूची में पांच स्थान की छलांग लगाकर 51वें स्थान पर पहुंच गया है। 2020 की समान तिमाही भारत 56वें स्थान पर था। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020 की जनवरी-मार्च में भारत में मकानों की कीमतों में दो फीसदी का इजाफा हुआ था। हालांकि, दूसरी तिमाही में इसमें 1.9 फीसदी की गिरावट आई थी। उसके बाद 2020 की तीसरी तिमाही में कीमतें 2.4 फीसदी और चौथी तिमाही में 3.6 फीसदी बढ़ी थीं। वहीं, देश में मकानों के दाम 2021 की पहली तिमाही में 1.6 फीसदी व दूसरी तिमाही में 0.5 फीसदी बढ़े थे। आलोच्य तिमाही में तुर्की में मकानों की कीमतों में सालाना आधार पर सबसे तेज 59.6 फीसदी की वृद्धि हुई। न्यूजीलैंड में मकानों के दाम 22.6 फीसदी, चेक गणराज्य में 22.1 फीसदी, स्लोवाकिया में 22.1 फीसदी और ऑस्ट्रेलिया 21.8 फीसदी बढ़े हैं। हालांकि, मलयेशिया, माल्टा और मोरक्को में दाम क्रमश- 0.7 फीसदी, 3.1 फीसदी और 6.3 फीसदी की गिरावट देखने को मिली।

**मजबूती के साथ खुले शेयर बाजार**

# सेंसेक्स 400 अंक चढ़ा, निफ्टी में भी तेजी

**मुंबई ।** वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार का मानक सूचकांक सेंसेक्स बुधवार को शुरुआती कारोबार में 400 अंकों से अधिक चढ़ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस और आईसीआईसीआई बैंक में हुई लिवाली से बाजार को मजबूती मिली। तीस शेयरों वाले सूचकांक सेंसेक्स ने पिछले दिवस की तेजी का सिलसिला कायम रखते हुए शुरुआती कारोबार में मजबूती दिखाई। सेंसेक्स 427.26 अंकों की बढ़त के साथ 58,416.56 अंक पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 126.9 अंकों की तेजी के साथ 17,442.40 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से डॉ रेड्डीज



लेबोरेट्रीज, सन फार्मा, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, एसबीआई, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक शुरुआती कारोबार में लाभ में रहे। इसके उलट भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, मारुति सुजूकी इंडिया और इंफोसिस के शेयरों को शुरुआती नुकसान उठाना पड़ा। मंगलवार को सेंसेक्स 696.81 अंकों की तेजी के साथ 57,989.30 अंक पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी भी 197.90 अंक मजबूत होकर 17,315.50 अंक पर रहा था। एशिया के अन्य बाजारों में सोल, हांगकांग और टोक्यो के सूचकांक दोपहर के सत्र में बढ़त पर कारोबार कर रहे थे। वहीं शंघाई के बाजार में थोड़ी गिरावट देखी गई। अमेरिकी बाजार पिछले दिवस काफी हद तक बढ़त पर रहे थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 384.48 करोड़ रुपए की खरीदारी की।

# सोना और चांदी के भाव में गिरावट

**नई दिल्ली ।** कच्चे तेल के वैश्विक भाव में बढ़त के बाद सोने और चांदी की वायदा कीमतों में भी बुधवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट देखने को मिली है।एमसीएक्स एक्सचेंज पर सोना वायदा गिरावट के साथ ट्रेड कर रहा था। एमसीएक्स पर पांच अप्रैल 2022 की डिलीवरी वाला सोना बुधवार सुबह 56 रुपए की मामूली गिरावट के साथ 51,323 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखाई दिया। वहीं तीन जून 2022 की डिलीवरी वाला सोना इस समय 44 रुपए की मामूली गिरावट के साथ 51,663 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखाई दिया। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर बुधवार को शुरुआती कारोबार में सोने की वायदा कीमतें बढ़त के साथ ट्रेड करती दिखाई दीं। हालांकि सोने की वैश्विक हाजिर कीमत गिरावट के साथ ट्रेड करती दिखाई दी। दूसरी तरफ चांदी की घरेलू वायदा कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। सोने के साथ ही चांदी की वायदा कीमतों में भी बुधवार सुबह गिरावट देखने को मिली। एमसीएक्स पर शुरुआती कारोबार में 5 मई 2022 की डिलीवरी वाली चांदी की कीमत 179 रुपए की गिरावट के साथ 67,513 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखाई दी। वैश्विक बाजार में सोने की वायदा कीमत मामूली बढ़त के साथ और हाजिर कीमत गिरावट के साथ ट्रेड करती दिखाई दीं। ब्लूमबर्ग के अनुसार सोने का वैश्विक वायदा भाव कॉमेक्स पर बुधवार सुबह 0.10 डॉलर की बढ़त के साथ 1926.80 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखाई दिया। वहीं सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय 0.11 डॉलर की गिरावट के साथ 1921.58 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखाई दिया। चांदी के वैश्विक वायदा भाव बुधवार को शुरुआती कारोबार में चांदी की वायदा और हाजिर दोनों कीमतों में बढ़ोतरी के साथ काराबार दर्ज किया गया।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार दूसरे दिन 80 पैसे बढ़ीं

**नई दिल्ली ।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार दूसरे दिन बुधवार को 80 पैसे प्रति लीटर बढ़ गई है। दिल्ली के ईंधन खुदरा विक्रेताओं की मूल्य अधिसूचना के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल की कीमत अब 97.01 रुपए प्रति लीटर होगी, जो पहले 96.21 रुपए प्रति लीटर थी। वहीं डीजल की कीमत 87.47 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 88.27 रुपए हो गई है। रिकॉर्ड 137 दिन के बाद 22 मार्च को कीमत में 80 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई थी। दिल्ली में पेट्रोल के दाम 97 रुपए और मुंबई 111.50 रुपए प्रति लीटर क्रॉस कर गए हैं। वहीं डीजल के दाम में भी 76 पैसे प्रति लीटर से लेकर 85 पैसे प्रति लीटर का इजाफा देखने को मिला है। इन दो दिनों में देश के चारों महानगरों में पेट्रोल और डीजल के दाम में डेढ़ रुपए प्रति लीटर से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। आईओसीएल के अनुसार देश के चारों महानगरों में पेट्रोल की कीमत में लगातार दूसरे दिन इजाफा देखने को मिला है। आंकड़ों के अनुसार देश की दिल्ली में पेट्रोल के दाम में 80 पैसे प्रति लीटर की तेजी देखने को मिली है। जबकि कोलकाता में 83 पैसे प्रति लीटर, मुंबई में 85 पैसे प्रति लीटर और चेन्नई में 75 पैसे प्रति लीटर का इजाफा देखने को मिला है। जिसके बाद चारों महानगरों में पेट्रोल के दाम क्रमशः 97.01 रुपए प्रति लीटर, 106.34 रुपए प्रति लीटर, 111.67 रुपए प्रति लीटर और 102.91 रुपए प्रति लीटर हो गए हैं। देश के चारों महानगरों में डीजल के दाम में 76 पैसे से लेकर 85 पैसे प्रति लीटर का इजाफा देखने को मिला है। वहीं चेन्नई में 76 पैसे प्रति लीटर की तेजी देखने को मिली है। जिसके बाद चारों महानगरों में दाम क्रमश- 88.27 रुपए प्रति लीटर, 91.42 रुपए प्रति लीटर, 95.85 रुपए प्रति लीटर, 92.85 रुपए प्रति लीटर हो गए हैं। दिलों में देश के चारों महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत में डेढ़ रुपए प्रति लीटर से ज्यादा का इजाफा देखने को मिला है। पहले दिल्ली में 1.60 रुपए, कोलकाता में 1.67 रुपए, मुंबई में 1.69 रुपए और चेन्नई में 1.51 रुपए प्रति लीटर कर इजाफा देखने को मिला है।

# फुटवियर एसोसिएशन : एक हजार से कम कीमत के जूतों पर लगे 5 फीसदी जीएसटी

**नई दिल्ली ।** फुटवियर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के एक सम्मेलन में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की ओर से यह कहा गया कि भारतीय उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार में अधिक और पर्याप्त हिस्सेदारी हासिल करने के लिए देश में बनी वस्तुओं पर बीआईएस मानकों को लागू करना जरूरी है और देश के विकास कार्यों के लिए अधिक राजस्व अर्जित करने के लिए जीएसटी कर आधार का विस्तार करना और भी महत्वपूर्ण है। हालांकि, भारत में एक बड़ी आबादी और विविधता है, इसलिए यह बहुत जरूरी है कि कौन से उत्पाद बीआईएस मानकों को अपना सकते हैं और कौन से नहीं। इसके अलावा कौन से उत्पादों को जीएसटी टैक्स स्लैब की कौन सी कर श्रेणी में रखा जा सकता है, इस पर दोबारा से विचार होना चाहिए। इससे पीएम मोदी का आत?मनिर्भर भारत का द्रष्टिकोण भी पूरा होगा। कैट के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि फुटवियर उद्योग द्वारा उठाई गई चिंताएं वाजिब हैं और कैट इस मामले को वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सामने उठाएगी। खंडेलवाल



ने कहा कि पहले की तरह ही एक हजार रुपये से कम कीमत के जूते पर 5 फीसदी जीएसटी लगना चाहिए, और एक हजार रुपये से अधिक पर 12फीसदी के कर स्लैब के तहत रखा जाना चाहिए। इसी तरह, बीआईएस मानकों को भी उसी अनुपात में लागू किया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए जरूरी है कि भारत विविधता का देश है जहां उपभोक्ता एक सामान्य व्यक्ति से लेकर सबसे संपन्न वर्ग तक हैं। हर प्रकार के सामान का खरीद व्यवहार उनके आर्थिक स्तर के अनुसार होता है और इसलिए उन्हें एक ही मापदंड से नियंत्रित नहीं किया जा सकता है। इसलिए सभी को समान शक्ति प्रदान करने और किसी भी कर चोरी की संभावना को कम करने या नियमों और नीतियों का पालन करने के लिए इसी प्रकार की कोई भी नीति या कर लगाया जाना चाहिए।खंडेलवाल ने कहा कि भारत में 90फीसदी लोग 1000 रुपये से कम की कीमत के जूते का उपभोग कर रहे हैं और जिनमें से सबसे बड़ी आबादी 500 रुपये से कम के जूते का उपभोग करती है। देश में 1800 से अधिक प्रकार के जूते चप्पल निर्मित होते हैं जिनमें महिलाओं, पुरुषों, बच्चों, खिलाड़ियों और उपभोक्ताओं के विभिन्न अन्य क्षेत्रों के लिए एक साधारण स्लीपर से लेकर उच्च श्रेणी के जूते तक ख़रीदे जाते हैं। भारत में 50 रुपये से लेकर हजारों रुपये तक के जूते बनते हैं। फुटवियर व्यापार की इतनी बड़ी विविधता होने के कारण, क्या समान मानकों को लागू करना संभव है।

# वृशिका मेहता ने को-स्टार के साथ अपने रिश्ते को लेकर किया बड़ा खुलासा



ष्ठ3 यानी दिल दोस्ती डांस फेम एक्ट्रेस वृषिका मेहता अपने बिंदास और मनमौजी अंदाज की वजह से फैंस की फेवरेट हैं. अपनी खूबसूरत अदा हो , फिर शानदार डांस या बढिया स्टाइल इस सभी की वजह से वो फैंस के दिलों पर हमेशा से राज करती आई हैं. हाल ही में एक पोर्टल को दिए इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बातचीत की. दरअसल वृषिका मेहता और अविनाश मिश्रा के अफेयर को लेकर मीडिया में कई खबरें वायरल हो चुकी हैं. आपको बता दें, वृषिका की ऑनस्क्रीन को -स्टार अविनाश मिश्रा के साथ जोड़ी को लोगों ने बहुत पसंद किया था .इन दोनों ने ये तेरी गलियां सीरीयल मे मिलकर काम किया था और इनकी केमिस्ट्री फैंस को खूब भा गई थी. सीरियल ये तेरी गलियां 2020 में टीवी से ऑफ एयर हो गया था . जब वृषिका मेहता से पूछा गया कि क्या वह अभी भी अभिनाश से बात करती हैं ? तब उन्होंने कहा कि , मैं अविनाश के टच में नहीं हूं, लेकिन हम दोनों अपनी अपनी ज़िंदगी में खुश हैं .शो खत्म होते ही एक्टर और को एक्टर्स एक दूसरे से दूर हो जाते हैं और वे टच में नही रहते. वे अपने अपने नए प्रोजेक्ट में बिजी हो जाते हैं. अपनी जोड़ी कि पॉपुलैरिटी को लेकर वृषिका ने भी कहा कि लंबे समय तक शान और पुचकी की हमारी जोड़ी को लोगों ने टीवी पर देखा. अपनी फेवरेट जोड़ी के कुछ ऑनलाइन और ऑफलाइन काफी स्पेशल और प्यारे पल, दर्शकों को देखने मिले थे . हमें भरोसा है कि हमारे फैंस को हमारी यह जोड़ी बहुत याद आती होगी ,वे भी हमें मिस करते होंगे,जैसे हम उन्हें मिस करते है.' हाल ही में वृषिका ने स्टार प्लस के यह रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल में नेगिटिव भूमिका निभाई थी।

## बिग बॉस स्टार जैस्मीन भसीन ने पानी दी गल वीडियो की शूटिंग पर की बात

रिएलिटी शो बिग बॉस के 14वें सीजन में हिस्सा ले चुकीं जैस्मीन भसीन ने हाल ही में पंजाबी गायक मनिंदर बुट्टर संग पानी दी गल नामक एक गाने के वीडियो की शूटिंग की। यह रोमांटिक गाना



बुट्टर के डेब्यू एल्बम जुगनी का एक हिस्सा है। बुट्टर ने असीस कौर के साथ इसके गाने गाए हैं, जिन्हें खुद उन्होंने लिखा है और म्यूजिक मिक्स सिंह ने दिया है। जैस्मीन कहती हैं, पानी दी गल के लिए शूटिंग करने का अनुभव असाधारण रहा। हमारी यूनिट के लोग बेहद प्रोफेशनल थे और इसलिए सब कुछ काफी अच्छे से हो गया। सेट पर हमने खूब सारे मजे किए, जिसके चलते इस बात का एहसास न के बराबर हुआ कि हम कोई काम कर रहे हैं। यह एक खूबसूरत सा गाना है, जिसमें मुझे मनिंदर के साथ काम कर काफी अच्छा लगा। वह बहुत अच्छे हैं, जमीन से जुड़े हुए इंसान हैं, चीजों को काफी अच्छे से समझते हैं और एक शानदार परफॉर्मर हैं।

## पॉइजन में सिपाही का किरदार निभाना खास अनुभव:फ्रेंडी दारूवाला

अभिनेता फ्रेडी दारूवाला का कहना है कि पॉइजन श्रृंखला में काम करने से उन्हें मेन इन यूनिफॉर्म के संघर्ष को समझने में मदद मिली है। आफताब शिवदासानी और तनुज विरवानी द्वारा सह-अभिनीत शो ने हाल ही में रिलीज के दो साल पूरे किए। पॉइजन हमेशा खास रहेगा। डीएसपी विक्रम की भूमिका निभाने से मुझे खाकी में हमारे लोगों के संघर्षों के बारे में पता करने में मदद मिली। पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए यह एक वास्तविक अनुभव था। मैंने अपने बॉलीवुड डेब्यू (2014 की रिलीज होलीडे) में एक आतंकवादी की भूमिका निभाई थी। फ्रेडी आगामी श्रृंखला द इनकम्प्लीट मैन में एक पुलिस वाले की भूमिका निभा रहे हैं। उनका कहना है कि एक बार फिर पुलिस की भूमिका निभा कर वह सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

## भेड़िया का हिमाचल शेड्यूल खत्म, कृति सेनन ने पोस्ट की वीडियो

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और एक्ट्रेस कृति सेनन ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म भेड़िया की हिमाचल शेड्यूल की शूटिंग खत्म कर ली है। कृति ने हिमाचल और प्रशासन को धन्यवाद किया है। कृति सेनन ने अपने इंस्टाग्राम अरूणाचल ट्रैवल सीरीज वीडियो शेयर की है, जिसमें वो वरुण धवन के साथ मस्ती करती दिख रही हैं। वीडियो के साथ एक्ट्रेस ने लिखा, अरुणाचल ट्रेवल सीरीज भेडिया एपिसोड 4 और ये शेड्यूल खत्म। अरुणाचल प्रदेश के कोविद-19 मुक्त होने और राज्य को आधिकारियों के इतने मददगार होने के बाद हम इस भयानक महामारी के दौरान इतनी आसानी से शेड्यूल को पूरा करने का सौभाग्य मिला।

# जीवन में कोई असफलता नहीं है, केवल सबक : रणवीर सिंह



बॉलीवुड स्टार, युवा आइकन, फैशन आइकन, उद्यमी और अभिनेता रणवीर सिंह को सभी बॉक्सिस पर छाने और खुद को एक मनोरंजन सुपर ब्रांड के रूप में स्थापित करने में एक दशक से अधिक का समय लगा है, जो हर बार ऑन या ऑफ स्क्रीन पर सभी को सरप्राइज करते हैं। रणवीर आपको बताएंगे कि उनके लिए ऑन-स्क्रीन रोल को जिदा करने के लिए जीवन के अनुभवों से आकर्षित करना महत्वपूर्ण है। रणवीर ने कहा, प्रत्येक अलग-अलग रोल के लिए, सभी को अपने स्वयं के अनुभवों को फील करना पड़ता है ताकि कैरेक्टर को रियल, और ईमानदार बना सके। मैंने अपने द्वारा निभाए गए कैरेक्टर के साथ गहरी सहानुभूति व्यक्त की है क्योंकि मैं अपने जीवन में इसी तरह की यात्रा कर चुका हूं। वह गली बॉय में अपने रोल मुराद के साथ एक स्पेशल कनेक्शन फील करते हैं, और साथ ही आने वाली फिल्म 83 में पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान कपिल देव का रोल भी उनके लिए काफी स्पेशल है। रणवीर फिल्म में कपिल की भूमिका निभाने वाले हैं, जिन्होंने 1983 में भारत की पहली विश्व कप जीत के लिए टीम की कप्तानी की। रणवीर ने आगे कहा मैंने बहुत कुछ सीखा है और सीख रहा हूं। किसी के पास जुनून और धैर्य हो सकता है और वह उस लम्हें के लिए अनलिमिट तैयारी भी करता है। लेकिन अक्सर, पहेली का लापता टुकड़ा अवसर होता है। मैं सपने देखने वालों के लिए साथी बनाना चाहता था। जो यंगर्स्टस क्रिएटिव है, जोश के साथ जल रहे थे उन्हें अवसर प्रदान करना, उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच देना, यह मुझे वापस देने का मेरा तरीका है। मुझे जो आशीर्वाद मिला है।




सौम्या प्रोपर्टीज

नवरात्री के पावन पर्व पर आज ही अपने सपनों का घर बनाने के लिये प्लॉट बुक करें।




➡ शासकीय कर्मचारीयों के लिये विशेष छूट 50 प्रतिशत राशी देकर रजिस्ट्री

➡ बेटी के नाम पर बुकिंग करने पर आकर्षण पहार व 10 प्रतिशत की छूट

➡ छोटे व्यपारी एवं प्राईवेट कम्पनी में जोब करने वालो के लिये बिना ब्याज के फाइनेंस सुविधा

प्लॉट उपलब्ध है
ग्वालियर-मुरैना रोड
ग्वालियर- भिण्ड रोड
मुरैना- झाँसी हाईवे

हमारे यहाँ निर्माण कार्य, नक्शे, फाईनेंस, रजिस्ट्री व नामांत्रण कि सेवा भी प्रदान की जाती है

मो. 9713253992, 6269453268

कार्यालय- 101 जे.एस. प्लाजा, रिजनल पब्लिक स्कूल के पास, सुर्य मदिंर रोड, गोले का मंदिर ग्वालियर 0751-4029189

# कोरोना का डर

दुनिया के कुछ देशों में एक बार फिर से कोरोना के बिगड़ते हालात डराने वाले हैं। चीन में संक्रमण फैल रहा है और कुछ शहरों में लॉकडाउन भी लगा दिया गया है। फ्रांस, इटली और जर्मनी में भी पिछले हफ्ते जिस तेजी से लाखों मामले अचानक आ गए, उससे लगने लगा कि कहीं पहले जैसे हालात तो नहीं बन रहे! दक्षिण कोरिया और हांगकांग में भी स्थिति विस्फोटक है। अभी भी पूरी दुनिया में संक्रमण के कुल मामलों में 41 फीसद मामले एशिया से हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एशिया में एक बार फिर संक्रमण फैलने का बड़ा खतरा बताया है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी अब सामान्य दिनों की तरह शुरू होने जा रही हैं। इसलिए खतरा कहीं ज्यादा है। भारत में कोरोना संक्रमण का रोजाना का आंकड़ा घट कर दो हजार से कम रह गया है। मौतों की संख्या भी घट रही है। दो साल बाद पहली बार हम सामान्य स्थिति में आ पाए हैं। लेकिन इसका यह मतलब भी निकालना सही नहीं होगा कि महामारी चली गई है। सच तो यह है कि खतरा बरकरार है। अब तक की तीन लहरों का अनुभव यही बताता है कि जरा-सी लापरवाही भी हमें फिर से बड़े जोखिम में धकेल देती है। रोजाना संक्रमण, उपचाराधीन मरीजों और मौतों के आंकड़े कभी तेजी से बढने् लगते हैं तो कभी कम होते दिखते हैं और हम मान बैठते हैं कि महामारी खात्मे की ओर है। लेकिन हकीकत में अब तक ऐसा हुआ नहीं। फिर महामारी विशेषज्ञ भी अगली लहर के खतरे को लेकर कुछ कह पाने की स्थिति में हैं नहीं। इसलिए सतर्क रहने जरूरत तो है। यह हम देख ही चुके हैं कि दूसरी लहर आने के पहले कोरोना से मुक्ति का दावा किया जाने लगा था और इसी के बाद लोग बेहद लापरवाह हो गए थे। इसका असर दूसरी लहर के दो महीनों में हुई दो लाख मौत के रूप में सामने आया था। भारत में मरने वालों का आंकड़ा अब पांच लाख के ऊपर निकल चुका है। दावा किया जाता रहा है कि भारत में मरने वालों की संख्या कई गुना ज्यादा है। वैसे संक्रमण से मरने वालों की सही संख्या का पता लगा पाना इसलिए भी संभव नहीं दिखता क्योंकि हमारे पास ऐसा पुख्ता और सटीक तंत्र ही नहीं है। एक अच्छी बात यह भी है कि आबादी के बड़े हिस्से का टीकाकरण हो चुका है। पर यह नहीं भूलना चाहिए कि हम कोरोना से पहले की स्थिति में सिर्फ तभी लौट पाएंगे, जब नागरिक समुदाय अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कोरोना से बचाव के नियमों का पालन करेगा। रोजाना संक्रमण का आंकड़ा नीचे आ जाना बता रहा है कि तीसरी लहर कमजोर पडने् लगी है। हालांकि यह कहना भी एकदम सही नहीं होगा कि खतरा टल गया है। इसलिए जब तक सरकार कह नहीं देती कि महामारी का खतरा पूरी तरह से खत्म हो गया है तब तक हमें यह मानकर चलना चाहिए कि देश कोरोना के खौफ से उबरा नहीं है। हमें अब भी पहले जैसी सतर्कता बनाए रखनी होगी, वैक्सीन भले ही क्यों न लग गई हो। पिछले दो साल में देश महामारी की तीन लहरें देख चुका है। दूसरी लहर के दौरान भारत दुनिया के उन देशों में शामिल था, जहां संक्रमण से सबसे ज्यादा तबाही हुई। अमेरिका और ब्राजील के बाद सबसे ज्यादा लोग भारत में मरे। हालांकि तीसरी लहर में कहर इसलिए ज्यादा नहीं बरपा कि आबादी के बड़े हिस्से को टीका लग चुका था और पिछली गलतियों से सरकारों और लोगों ने सबक भी लिए। इसलिए ज्यादा मौतें नहीं हुईं। पर अब चौथी लहर की बात हो रही है। हालांकि विशेषज्ञ चौथी लहर को लेकर बहुत चिंतित नहीं हैं। भारत के ज्यादातर राज्यों में टीकाकरण का काम तेजी से चल रहा है। लेकिन अब एक मुश्किल यह है कि जिन लोगों ने एक साल पहले टीके लगवाए थे, उनका असर अब कितना रह गया होगा।

# टीबी उन्मूलन पर देना होगा विशेष ध्यान

**रमेश सर्राफ**
**(24 मार्च पर विशेष)**



टीबी एक संक्रामक बीमारी है। जो संक्रमित लोगों के खांसने, छींकने या थूकने से फैलती है। यह आमतौर पर फेफड़ों को प्रभावित करती है। लेकिन यह शरीर के किसी भी हिस्से में फैल सकती है। इस बीमारी का इलाज तो है बशर्ते लोग नियमित रूप से दवा लें। हर वर्ष 24 मार्च को पूरे विश्व में टीबी दिवस मनाया जाता है। इस दिन टीबी यानि तपेदिक रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। भारत में बहुत बड़ी आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन गुजार रही है। देश में जब तक गरीबी दूर नहीं होगी तब तक टीबी पर पूर्णतया रोक नहीं लग पायेगी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में स्वास्थ्य सेवा का बड़ा ढांचा कमजोर है और स्वास्थ्य कर्मचारियों की भारी कमी है। इसके अलावा बीमारी का शुरुआती दौर में पता लगने में दिक्कत और सही इलाज का मिलना चुनौती बनी हुई है। विश्व में भारत पर टीबी का बोझ सबसे अधिक है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में टीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर लिया गया है। इसका उद्देश्य टीबी के नए मामलों में 95 प्रतिशत की कमी करना और टीबी से मृत्यु में 95 प्रतिशत की कमी लाना है। देश में जिन टीबी रोगियों का इलाज चल रहा है उन्हें सरकार द्धारा 500 रुपए प्रतिमाह नगद सहायता के रूप में दिए जा रहें हैं।

टी.बी माइक्रोबैक्टीरियम नामक बैक्टीरिया की वजह से होता है। यह बैक्टीरिया फेफड़ों में उत्पन्न होकर उसमें घाव कर देते हैं। यह कीटाणु फेफड़ों, त्वचा, जोड़ों, मेरूदण्ड, कण्ठ, हड्डियों, अंतडियों आदि पर हमला कर सकते हैं। दुनिया में छह-सात करोड़ लोग इस बीमारी से ग्रस्त हैं और हर वर्ष 25 से 30 लाख लोगों की इससे मौत हो जाती है। दुनिया में बीमरियों से मौत के 10 शीर्ष कारणों में टीबी को प्रमुख बताया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वैश्विक टीबी रोग रिपोर्ट 2020 जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 के कारण दुनिया भर में टी.बी. से होने वाली मौतों में वृद्धि हो सकती है। भारत में अप्रैल 2020 में लॉकडाउन के समय क्षय रोग के मामलों में 85 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। विश्व में टी.बी. के वैश्विक मामलों का 44 प्रतिशत फिलीपींस, इंडोनेशिया और दक्षिण अफ्रीका में है। जबकि भारत, चीन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, फिलीपींस, नाइजीरिया, बांग्लादेश और रूस में टी.बी. के दो-तिहाई मामले दर्ज किये गए हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट दर्शाती है कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण टीबी के खिलाफ लड़ाई में वर्षों से दर्ज की जा रही प्रगति को एक बड़ा झटका लगा है। एक दशक से ज्यादा समय में पहली बार टीबी से होने वाली मौतों की संख्या में वृद्धि हुई है। हाल ही में जारी रिपोर्ट दर्शाती है कि वर्ष 2019 की तुलना में 2020 में ज्यादा लोगों की मौत हुई है और अपेक्षाकृत कम लोगों में इस बीमारी का पता चल पाया है। रिपोर्ट के अनुसार टीबी के कारण पिछले वर्ष करीब 15 लाख लोगों की मौत हुई थी। इनमें से अधिकतर मौतें मुख्य रूप से उन 30 देशों में हुई हैं जहाँ टीबी एक बड़ी समस्या है।

संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने अनुमान जताया है कि टीबी से पीड़ित लोगों और मृतक संख्या 2022 में और भी अधिक होने की आशंका है। 2019 में नए मरीजों की संख्या 71 लाख थी। लेकिन 2020 में 58 लाख नए मरीजों का ही पता चला। संगठन का अनुमान है कि फिलहाल टीबी के 41 लाख मरीज ऐसे हैं। जिन्हें या तो अपनी बीमारी के बारे में जानकारी नहीं है या फिर सरकारी एजेंसियों को इसकी सूचना नहीं है।

एक अनुमान के मुताबिक भारत में रोजाना करीब आठ सौ लोगों की मौत टीबी की वजह से हो जाती है। भारत में टीबी के करीब 10 प्रतिशत मामले बच्चों में हैं। लेकिन इसमें से केवल छह प्रतिशत मामले ही सामने आते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि भारत में टीबी के केवल 58 प्रतिशत मामले ही दर्ज होते हैं। एक तिहाई से ज्यादा मामले या तो दर्ज ही नहीं होते हैं या उनका इलाज नहीं हो पाता है। इसका बड़ा कारण यह है कि गैर सरकारी सेक्टर के अस्पतालों में टीबी को दर्ज किए जाने का अब तक कोई सिस्टम नहीं बना पाना है। संगठन का ऐसा अनुमान है कि ऐसे तकरीबन दस लाख और टीबी मरीज देश में है जिन्हें पहचाना ही नहीं जा सका है। इसलिए माना यह जाना चाहिए कि हम 2025 तक टीबी को जड़ से मिटा देने की बात कर रहे हैं मगर वह इतना आसान नही है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि भारत टीबी से निपटने को लेकर गंभीर नहीं है। अपनी ग्लोबल टीबी रिपोर्ट में उसने हमारे आंकड़ों पर भी सवाल उठाया है। उसके मुताबिक भारत ने टीबी के जितने मामले बताए हैं। वास्तव में मरीज उससे कहीं ज्यादा रहे हैं। भारत के गलत आंकड़ों की वजह से इस रोग का विश्वस्तरीय आकलन सही ढंग से नहीं हो पाया है। पिछले कुछ समय से टीबी के कई नए रूप सामने आ गए हैं। कई मानसिक बीमारियां टीबी का बड़ा कारण बनकर उभरी हैं। इस बीमारी को लेकर हमे नजरिया बदलने की जरूरत है। सरकार को परम्परागत तौर-तरीके से बाहर निकलना होगा। टीबी से निपटने के लिए सरकार को निजी क्षेत्र के साथ मिलकर व्यापक योजना बनानी होगी।

कुछ वर्षों पूर्व तक टीबी की बीमारी को लाईलाज रोग माना जाता था। टीबी के मरीजो को घर से अलग रखा जाता था व उससे अछूत जैसा व्यवहार किया जाता था। मगर अब टीबी की बीमारी का देश में पर्याप्त उपचार व दवा उपलब्ध है। टीबी के रोगियों द्वारा नियमित दवा के सेवन से नो माह में ही टीबी का रोगी पूर्णतः स्वस्थ हो जाता है। सरकार को टीबी रोग की प्रभावी रोकथाम के लिये बजट में स्वास्थ्य सुविधओं के विस्तार के लिये और अधिक राशि का प्रावधान करना होगा। टीबी के प्रति लोगों को सचेत करने के लिये देश भर में टीबी जागरूकता कार्यक्रम चलाने होंगे। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केन्द्रो की संख्या बढ़ाकर ही टीबी पर काबू पाया जा सकता है।

टीबी का संबंध पोषण से जुड़ा रहता है। भूखे पेट रोगों से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है। इसलिए टीबी की बीमारी के शिकार गरीब तबके के लोग ज्यादा होते हैं। पोषण से मतलब संतुलित भोजन से माना जाना चाहिए। इसलिए यहां पर केवल टीबी का इलाज मुहैया करा भर देने से टीबी का खात्मा संभव नहीं है। यह तब मुमकिन होगा जबकि देश में लोगों को रोग प्रतिरोधक ताकत बनाए रखने के लिए संतुलित आहार भी मिले। विशेषज्ञों के मुताबिक सरकार को इस क्षेत्र में एक ठोस अभियान शुरू करना होगा और साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इस जानलेवा बीमारी पर काबू पाने की राह में पैसों की कमी आड़े नहीं आए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो इससे मरने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होगी। सरकार ने टीबी को मिटाने के लिये जो प्रतिबद्धता जतायी है उस पर तुरन्त अमल करने की जरूरत है। तभी विश्व क्षयरोग दिवस 2022 की थीम 'टीबी को खत्म करने के लिए निवेश करें, जीवन बचाए' सार्थक हो पायेगी।

## भगवान की विचारणाएं

जब मनुष्य इस जिम्मेदारी को समझ ले कि मैं क्यों पैदा हुआ हूं और पैदा हुआ हूं तो मुझे क्या करना चाहिए? भगवान द्वारा सोचना, विचारना, बोलना, भावनाएं आदि अमानतें मनुष्य को इसलिए नहीं दी गई हैं कि उनके द्वारा वह सुख-सुविधाएं या विलासिता के साधन जुटा अपना अहंकार पूरा करे बल्कि इसलिए दी गयी हैं ताकि इनके माध्यम से वह विश्व को अधिक सुन्दर और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रयत्न कर। बैंक के खजांची के पास धन इसलिए रखा रहता है ताकि सरकारी प्रयोजनों के लिए इस पैसे को खर्च कर। खजाने में रखे लाखों रुपये खजांची कैसे खर्च कर सकता है। अपने लिए उसे उतना ही इस्तेमाल करने का हक है, जितना उसे वेतन मिलता है। पुलिस और फौज का कमांडर है, उसको अपना वेतन लेकर जितनी सुविधाएं मिली हैं, उसी से काम चलाना चाहिए। बाकी बहुत सारी सामर्थ्य और शक्ति उसे बंदूक चलाने के लिए मिली है, उसे सिर्फ उसी काम में खर्च करना चाहिए, जिसके लिए सरकार ने उसको सौंपा है। हमारी सरकार भगवान है और मनुष्य के पास जो कुछ विभूतियां, अक्ल और विशेषताएं हैं, वे व्यक्तिगत ऐय्याशी सुविधा और शौक-मौज के लिए नहीं हैं। व्यक्तिगत अहंकार की तृप्ति के लिए नहीं है। भगवान का बस एक ही उद्देश्य है- निरूस्वार्थ प्रेम। इसके आधार पर भगवान ने मनुष्य को इतना ज्यादा प्यार किया। मनुष्य को उस तरह का मस्तिष्क दिया है, जितना कीमती कम्प्यूटर दुनिया में आज तक नहीं बना। मनुष्य की आंखें, कान, नाक, वाणी एक से एक चीजें हैं, जिनकी रुपयों में कीमत नहीं आंकी जाती है। मनुष्य के सोचने का तरीका इतना बेहतरीन है, जिसके ऊपर सारी दुनिया की दौलत न्योछावर की जा सकती है।

# दशा सुधारने आत्ममंथन करे कांग्रेस

**सुरेश हिंदुस्थानी**



पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद निश्चित ही कांग्रेस पार्टी के भविष्य के लिए एक ऐसा प्रश्नचिन्ह स्थापित हो गया है, जिसका जवाब फिलहाल न तो कांग्रेस नेतृत्व के पास है और न ही अब इसका जवाब आसान ही रह गया है। कांग्रेस में ऐसी स्थितियों के पीछे क्या कारण हैं? क्यों कांग्रेस निरंतर अपने अस्तित्व को खोती जा रही है? इसके पीछे के कारण तलाश किए जाएं तो कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि गाहे बगाहे कांग्रेस के अंदर ही अंदर जिस प्रकार के स्वर मुखरित हो रहे हैं, उसका यही सही जवाब है, लेकिन ऐसा लगता है कि कांग्रेस इन स्वरों से इत्तेफाक नहीं रखती। कांग्रेस की दुर्गति के बारे में कहा जाए तो यह कहना भी तर्कसंगत ही होगा कि इसके बारे में उसकी नीतियां ही जिम्मेदार हैं। तर्कों के माध्यम से भले ही सत्य को झुठलाने का प्रयास किया जाए, लेकिन एक दिन सत्य सामने आता ही है। बस इसी सत्य को कांग्रेस के नेताओं को समझने की आवश्यकता है। इस सत्य को जब तक कांग्रेस नहीं समझेगी, तब तक उसका उत्थान संभव ही नहीं है। पिछले दो बार के लोकसभा चुनावों के बाद कांग्रेस की जो राजनीतिक स्थिति बनी, वह कांग्रेस के लिए एक स्पष्ट चेतावनी भी थी, इस बारे में कई कांग्रेस के नेताओं ने अपने नेतृत्व को आत्ममंथन के लिए आगाह भी किया था, लेकिन कांग्रेस ने इन बातों को सुनने के बजाय अपने कानों को लगभग बंद ही कर लिया। हालांकि नेतृत्व परिवर्तन के लिए कवायद भी प्रारंभ हुई थी, लेकिन परिणाम जो निकला, वह ढाक के तीन पात जैसा ही था। गांधी परिवार से बाहर का अध्यक्ष बनाए जाने की बात हवा में ही उड़ गई। कहने के बाद भी अगर गांधी परिवार के बाहर का अध्यक्ष नहीं बना तो इसके पीछे केवल यही कारण था कि इस परिवार के अलावा कांग्रेस का कोई भी नेता ऐसा नहीं है जो पार्टी को एक रख सके। अब कांग्रेस में सुधार की गुंजाइश की संभावना में मंथन करने वाला समूह एक बार फिर राष्ट्रीय नेतृत्व पर ठीकरा फोड़ने की कवायद करता हुआ दिखाई दे रहा है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री शशि थरूर बहुत पहले से नेतृत्व परिवर्तन पर मंथन करने पर जोर देते रहे हैं, अब भी कुछ इसी प्रकार की आवाज उठा रहे हैं। इसी प्रकार जी-23 में शामिल नेता भी दो वर्ष पूर्व से अपनी आवाज मुखर कर रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज को भी कोई महत्व नहीं दिया जा रहा है।

जब से कांग्रेस ने पराभव की ओर कदम बढ़ाने प्रारंभ किए हैं, उस दिन के बाद न तो कांग्रेस में अपनी स्थिति सुधारने की दिशा में कोई प्रयत्न हुए हैं और न ही ऐसा कोई प्रयास ही किया गया है। इसको लेकर कांग्रेस में अंदर ही अंदर लावा सुलग रहा है, जिसकी हल्की सी चिंगारी ने ही कांग्रेस को कमजोर किया है, लेकिन अब भविष्य में कांग्रेस के अंदर बड़े विस्फोट की भी आशंका भी निर्मित होने लगी है। आज कांग्रेस के दिग्गज नेता असहज महसूस करने लगे हैं। वरिष्ठ नेता के रूप में पहचान बनाने वाले आज मायूस हैं। वे कभी खुलकर बगावत करने की स्थिति में दिखाई देते हैं तो कभी अपने प्रति होने वाली उपेक्षा से दुखी दिखाई देते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने एक बार अपना दुख प्रकट करते हुए कहा था कि अब कांग्रेस में वरिष्ठों के दिन समाप्त हो चुके हैं। राहुल गांधी जैसा चाहते हैं, वैसा ही हो रहा है। अब आगे क्या होगा, यह भविष्य के गर्भ में है, लेकिन यह अवश्य ही कहा जा सकता है कि कांग्रेस की भविष्य की राह आसान नहीं है। जहां तक उत्तरप्रदेश की बात है तो वहां भी कांग्रेस पतन की ओर ही तेज गति से अग्रसर हुई है। चुनाव से पूर्व कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा की ओर से महिलाओं को प्रमुखता देने की बात जोर शोर से की गई, लेकिन यह मात्र शिगूफा बनकर ही रह गया। जहां एक ओर कांग्रेस को मात्र ढाई प्रतिशत ही वोट मिल सके, वहीं उसके लगभग 95 प्रतिशत उम्मीदवारों की जमानत जप्त हो गई। इसी प्रकार समाजवादी पार्टी भले ही चुनाव में सरकार बनाने लायक सीट प्राप्त नहीं कर पाई, लेकिन उसकी सीटों में जबरदस्त उछाल आया है। हालांकि कहा यह जा रहा है कि सपा को कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी ने आंतरिक रूप से समर्थन किया था, यह बात कितनी सच है, इसका दावा नहीं किया जा सकता। परंतु इतना भी सच है कि विपक्षी राजनीतिक दलों की ओर से जिस प्रकार से भ्रम फैलाया गया।

# योगी सरकार की नीतियों पर लिखी पुस्तक 'अंत्योदय को साकार करता उत्तर प्रदेश' छाई रही

**डॉ. सौरभ मालवीय**



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में लगातार दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी ने विजय प्राप्त की है। इस चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की नीतियों पर लिखी पुस्तक 'अंत्योदय को साकार करता उत्तर प्रदेश' छाई रही। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले साल 29 अक्टूबर को लखनऊ में डॉ. सौरभ मालवीय की पुस्तक 'अंत्योदय को साकार करता उत्तर प्रदेश' का विमोचन किया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, संगठन मंत्री सुनील बंसल सहित शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर , केन्द्रीय मंत्री महेंद्र पांडेय, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या एवं दिनेश शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

लेखक डॉ. सौरभ मालवीय का कहना है कि इस पुस्तक का उद्देश्य लोगों को सरकार की उन योजनाओं से अवगत कराना है, जो उनके कल्याण के लिए चलाई जा रही हैं ताकि वे उनका लाभ उठा सकें। प्राय॰ देखने में आया है कि अज्ञानता और अशिक्षा के कारण लोगों को सरकार की जनहितैषी योजनाओं की जानकारी नहीं होती, जिसके कारण वे इन योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें नागरिकों के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं। प्रत्येक योजना का यही उद्देश्य होता है कि उसका लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे। जब योजना का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचता है, तो वह योजना सफल हो जाती है। इस समय देश में लगभग डेढ़ सौ योजनाएं चल रही हैं। इनमें कई ऐसी पुरानी योजनाएं भी हैं, जिनके नाम परिवर्तित कर दिए गए हैं। इनमें कई ऐसी योजनाएं भी हैं, जो लगभग बंद हो चुकी थीं और उन्हें पुन॰ प्रारम्भ किया गया है। इनमें कुछ नई योजनाएं भी सम्मिलित हैं। देश में दो प्रकार की सरकारी योजनाएं चल रही हैं। पहली योजनाएं वे हैं, जो केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाती हैं। इस तरह की योजनाएं पूरे देश या देश के कुछ विशेष राज्यों में संचालित की जाती हैं। दूसरी योजनाएं वे हैं, जो राज्य सरकारें चलाती हैं। राज्य में संचालित अधिक योजनाएं केंद्र द्वारा ही चलाई जाती हैं। इनके कार्यान्वयन पर व्यय होने वाली राशि का एक बड़ा भाग केंद्र सरकार वहन करती है और एक भाग राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

पुस्तक में भाजपा-नीत सरकार के संकल्प तथा उस संकल्प को पूर्ण करने के अथक प्रयास को दर्शाया है। योगी आदित्य नाथ के मुख्यमंत्रित्व काल में उत्तर प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक के जीवन को सुखी एवं समृद्ध करने के सपने को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा शासन के पांच वर्ष की समयावधि में उत्तर प्रदेश ने लगभग सभी क्षेत्रों में उन्नति की है। कृषि, उद्योग, रोजगार, आवास, परिवहन, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, सुरक्षा व्यवस्था, धर्म, संस्कृति, पर्यावरण आदि क्षेत्रों में योगी सरकार ने सराहनीय कार्य किए हैं। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जा रही है। वृद्धजन, विधवा एवं दिव्यांगजन को पेंशन के रूप में आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। अनाथ बच्चों के भरण-पोषण की भी व्यवस्था की गई है। जिन परिवारों में कोई कमाने वाला व्यक्ति नहीं है, सरकार उन्हें भी वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रही है। निर्धन परिवार की लड़कियों एवं दिव्यांगजन के विवाह लिए अनुदान प्रदान किया जा रहा है। निराश्रित गौवंश के संरक्षण पर भी योगी सरकार विशेष ध्यान दे रही है। सरकार की इन्हीं जन हितैषी योजनाओं के कारण लोगों ने उन्हें पुन॰ सत्ता सौंपी है। इस पुस्तक में जन साधारण के हित को सर्वोपरि रखा है।

## सूडोकु नवताल- 6019

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -6018 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

# सहनशीलता --श्रेष्ठ और अनुकरणीय आभूषण

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**

वास्तव में सहनशीलता मनुष्य का आभूषण है। सहनशील व्यक्ति को हर क्षेत्र में सफलता मिलती है। इसके उलट अगर किसी व्यक्ति में सहनशीलता का अभाव है तो उसे कई बार अप्रिय स्थितियों से भी गुजरता पड़ जाता है। सहनशीलता के अभाव में व्यक्ति में क्रोध पैदा होता है और क्रोध को मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु माना गया है

भारतीय संस्कारों में सहनशीलता को बहुत महत्व दिया गया है। वास्तव में सहनशीलता मनुष्य का आभूषण है। सहनशील व्यक्ति को हर क्षेत्र में सफलता मिलती है। इसके उलट अगर किसी व्यक्ति में सहनशीलता का अभाव है तो उसे कई बार अप्रिय स्थितियों से भी गुजरता पड़ जाता है। सहनशीलता के अभाव में व्यक्ति में क्रोध पैदा होता है और क्रोध को मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु माना गया है। क्रोधी व्यक्ति अक्सर अपना ही नुकसान कर बैठता है।

सहनशीलता एक ऐसा सत्य है, जिससे प्राय॰ सभी लोगों को अपने जीवनकाल में रू-ब-रू होना पड़ता है। सहनशील होना एक गुण है, जिससे जीवन का वास्तविक विकास होता है। आज हमारे जीवन में दुख और तनाव हावी हैं। इसका परिणाम यह है कि हम थोड़े से कष्टों से शीघ्र घबरा जाते हैं, क्रोधित हो जाते हैं।संत कबीर एक ऐसे संत थे, जो प्राय॰ शांत और सहनशील बने रहते थे। उनके जमाने में विरोधियों की कमी नहीं थी, लेकिन अपनी बातों को डंके की चोट पर कहनेवाला, पूरी पुरातनपंथी व्यवस्था को निर्थक करार देने वाला और सगुण उपासना का खंडन कर निर्गुण का प्रचार-प्रसार करने वाला कबीर जैसा व्यक्ति कितना सहनशील रहा होगा। इस बात की आप कल्पना कर सकते हैं। जिसने कभी किसी से लड़ाई-झगड़ा, मार-पीट, गाली-गलौज नहीं की, बल्कि शुद्ध व पवित्र मन से साधना करते हुए संत कबीर ने अपना मत केवल सहनशीलता के बलबूते फैलाया। यदि कबीर सहनशील न बने होते, तो आज भक्तों, संतों एवं कवियों की परंपरा में नहीं रह पाते। इस तरह यह मानना पड़ेगा कि जीवन में सहनशीलता का कितना बड़ा महत्व है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सादगी से भरा जीवन बहुत ही सहनशील था। वह प्राय॰ अपने प्रत्येक कार्य और व्यवहार में सहनशील बने रहते थे। उनका प्रत्येक कार्य रूटीन के मुताबिक चलता था। समय के बेहद पाबंद थे और अपने मन, वचन व कर्म से कभी किसी को कष्ट देना पसंद नहीं करते थे। इसीलिए वे अपने जीवन में प्राय॰ सफल रहे थे।

# भजनों की शानदार प्रस्तुति ने बांधा समां, होली मिलन में जमकर उड़ा गुलाल





## निगम चेयरमैन रघुराज कंषाना के कार्यालय पर हुआ भजन संध्या व होली मिलन का भव्य आयोजन

**मुरैना।** रंग पंचमी के अवसर पर मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के चेयरमैन रघुराज कंषाना द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में वृंदावन के शास्त्री सतीश कौशिक एवं कलाकारों की प्रस्तुति पर जमकर फूल एवं गुलाल उडा। आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में अनके भजनों की प्रस्तुतियों ने हजारों श्रोताओं को आनंद से बांधे रखा। मंगलवार को रेस्ट हाउस स्थित पिछड़ा वर्ग एवं अल्संख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज कंषाना ने निज कार्यालय पर भजन संध्या व होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान फाग गीत गाए एवं फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण व राधा का स्वरूप धरकर आए कलाकारों ने भी रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किए और उपस्थित जन समूह से फूलों की होली खेली। कार्यक्रम शाम के समय शुरू हुआ और देर रात तक भजनों की कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी। होलिया में उड़े रे गुलाल, श्याम तेरे मंदिर में सहित अनेक भजनों का गायन प्रसिद्ध कथावाचक पं. सतीश कौशिक की संगीतमय भजनों की प्रस्तुति के दौरान मनभावन भजनों से देर रात्रि तक उपस्थित श्रोताओं को एक जगह बांधे रखा, होली मिलन समाहरोह में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता, उर्जा विकास निगम के चेयनमैन गिर्राज डंडौतिया, जौरा विधायक सूबेदार सिंह रजौधा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के बडे भाई राधेश्याम शर्मा, पूर्व सांसद एवं महापौर अशोक अर्गल, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, पूर्व सभापति अनिल गोयल सहित जिले भर के कई भाजपा नेता और रघुराज कंषाना समर्थक शामिल रहे। अंत में भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के पधारे सभी अतिथियों का श्री कंषाना ने आभार व्यक्त किया।

### नजर आया गंगा-जमुनी तहजीब का अनोखा संगम

कार्यक्रम में गंगा-जमुनी तहजीब और भाईचारे का एक अनोखा संगम देखने को मिला, जहां कार्यक्रम में मुरैना क्षेत्र के प्रसिद्ध संतों लालगिरि महाराज चंबल आश्रम, मुखिया बाबा महाराज जोधा बाबा मंदिर, जयरामदास महाराज गंगापुर आश्रम, प्रेमदास महाराज घरौना मंदिर, हरीदास महाराज जरेरूआ मंदिर, स्वामी नारायण महाराज बमरौली मंदिर, पटिया वाले बाबा मदिर महंत सम्मिलित हुए तो वहीं सेंट मैरी स्कूल फादर डिसूजा, जनाब शहर काजी तथा प्रताप सिंह महाराज सिंधी समाज विशेष रूप से सम्मिलित हुए।

## विष्णु दत्त बने पेंसनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के जिलाध्यक्ष

**मुरैना।** पेंसनर्स एशोसिएशन मध्यप्रदेश भोपाल के उपप्रांताध्यक्ष एवं ग्वालियर-चम्बल संभाग के प्रभारी आर. एस.तरेटिया की अनुशंसा पर, प्रांताध्यक्ष राजकुमार दुबे द्वारा विष्णु दत्त शर्मा(रिटायर शिक्षक) को मुरैना जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से जिले में समस्त कर्मचारियों और पेंसनर्स में हर्ष ब्याप्त है। इस अवसर पर एकीकृत शा. मा. वि. में स्टाफ के सदस्यों और विभिन्न कर्मचारी संघठन के नेताओं द्वारा विष्णु दत्त शर्मा का स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस दौरान संस्था के प्रधानाध्यापक एवं मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के संभागीय उपाध्यक्ष उमेश पाठक ने बताया कि विष्णु दत्त अपने शिक्षण कार्य के दौरान भी काफी कर्मठ और हमेशा ही कर्मचारियों की आवाज दमदारी और ईमानदारी से उठाते रहे हैं। हमें विश्वास है कि वो जिले में पेंसनर्स की आवाज भी उतनी ही दमदारी और इमानदारी से उठाते रहेंगे। प्रान्तीय उपाध्यक्ष आर.एस.तरेटिया ने बताया कि विष्णु दत्त को जिलाध्यक्ष बनाने से संगठन में एक नई जान आएगी और पेंसनर्स के हितों में अच्छा कार्य किया जाएगा। उन्होंने विष्णु दत्त को नियुक्ति पत्र भी सौंपा। उनकी नियुक्ति पर सभी पेंसनर्स और कर्मचारियों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। बधाई देने वालो में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के संभागीय उपाध्यक्ष उमेश पाठक, खेल अधिकारी दिनेश बंसल, राममूर्ति शर्मा, राजेंद्र भारती, सियाराम सिकरवार, आदि शामिल हैं।



## स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया शहीद दिवस



**मुरैना।** शहीद दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जौरा ने गांधी पार्क में गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाएं और पार्क में सफाइ अभियान चलाते हुए शहीद दिवस को स्वच्छता दिवस के रुप में मनाया। इस दौरान मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी जौरा के मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष शगुन चंद जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष आसाराम कुशवाह, भारतीय जनता युवा मोर्चा सोनू त्यागी, आशु सिकरवार, आशु त्यागी, राम कुमार त्यागी, शिवम सिकरवार, अंकित जादौन, अथर्व मिश्रा, जगदीश गौड, राम पार्षद, विनोद, सचिन त्यागी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 10 हजार का फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार, अधिया बन्दूक व 05 जिन्दा राउण्ड बरामद



**मुरैना।** जिले के चिन्नौनी थाना क्षेत्र पुलिस ने हत्या एवं हत्या के मामले में सजायाफ्ता फरार 10 हजार के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 बोर की अधिया एवं 5 जिन्दा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, अति. पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया के निर्देशन में चलाये जा रहे धरपकड अभियान के अंतर्गत थाना चिन्नौनी पुलिस को हत्या एवं हत्या के प्रयास में सजायाफ्ता, फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। विदित हो कि वर्ष 2011 में आरोपी द्वारा अपने भाईयों की मौत का बदला लेने के लिये झुण्डपुरा में रामेश्वर गुर्जर निवासी लोडूपुरा को गोली मार कर प्राणघातक हमला किया गया था, जिस पर थाना चिन्नौनी में आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 74/11 धारा 307, 34 भादवि इजाफा धारा 25/27 आयुद्ध अधि. का अपराध पंजीवद्ध किया गया था। उक्त अपराध में आरोपी को 07 वर्ष की सजा न्यायालय द्वारा दी गई थी। इसी प्रकार वर्ष 2011 में ही आरोपी द्वारा ग्राम हीरापुर रोड पर श्रीधर गुर्जर निवासी पहारपुरा की गोली मार कर हत्या कर दी थी, जिस पर से थाना चिन्नौनी में अप.क्र. 75/11 धारा 302, 294,34 भादवि इजाफा धारा 25/27 आयुद्ध अधि. का पंजीवद्ध किया गया था। उक्त अपराध में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा न्यायालय द्वारा दी गई थी। उक्त प्रकरण में ही आरोपी विगत 10 वर्ष से जिला जेल ग्वालियर में निरूद्ध होकर अजीवन कारावास की सजा काट रहा था। विगत वर्ष 2021 में आरोपी को न्यायालय द्वारा 03 माह की पैरोल पर छोडा गया था, परंतु निर्धारित अवधि पूर्ण होने के उपरांत भी आरोपी वापस जेल नहीं पहुंचा, जिससे उच्च न्यायालय द्वारा आरोपी का स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। आरोपी की तलाश के दौरान ज्ञात हुआ कि आरोपी अपने दुश्मनों से बदला लेने की फिराक में फरार हुआ है।

## लग्जरी कार से 15 लाख का गांजा बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**मुरैना।** मंगलवार की रात्रि नूराबाद थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उड़ीसा से लग्जरी कार में छुपा कर लाए गए गांजे को एक आरोपी के साथ पकड़ा है। कार से बरामद गांजे की कीमत 15 लाख रुपए बताई गई है, पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में नशे के कारोबार के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत नूराबाद थाना प्रभारी श्रीमती आरती चराते को मंगलवार की देर शाम मुखबिर से सूचना मिली कि उड़ीसा से एक कार क्रमांक डीएल 7 सीएजे 1864 मैं अवैध रूप से गांजा छुपा कर लाया जा रहा है। पुलिस टीम ने उक्त कार का पीछा करते हुए उसे ग्वालियर मुरैना रोड पर टेकरी तिराहे के पास घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपी ने इस दौरान भागने की कोशिश की, लेकिन वह पुलिस के हाथ से नहीं बच पाया। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो पीछे डिग्गी में छुपाकर रखा गया 50 पैकेट गांजा बरामद हुआ, जिनका वजन 1 कुंटल 200 ग्राम निकला और उसकी बाजार कीमत 15 लाख रुपए से अधिक बताई गई है। वहीं पुलिस ने फीएट लीनिया कार कीमत 6 लाख रुपए को भी बरामद किया है। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक प्रज्ञाशील, आरक्षक अशोक, रणधीर, शैलेंद्र, आशीष, राहुल, भूपेंद्र आदि का सराहनीय योगदान रहा।




## शक्कर कारखाना बचाओ आंदोलनः सरकार की नाकामियों की सजा किसानों को न दी जाएः संयुक्त किसान मोर्चा



**कैलारस।** शक्कर कारखाना बचाओ आंदोलन के तहत संयुक्त किसान मोर्चा के वाहन रैली के आह्वान पर किसानों ने अनाज मंडी मंडी से लेकर शक्कर कारखाने तक वाहन रैली निकाली रैली के समापन के पश्चात शक्कर कारखाना में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की शहादत दिवस के मौके पर भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान हुई सभा को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि सरकार सरकार की नाकामियों के कारण यह शक्कर कारखाने की ऐसी दुर्दशा हुई है लेकिन इसकी सजा सरकार इसे बेचकर किसानों को देना चाह रही है। ऐसी स्थिति में किसानों के पास आंदोलन के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। यह किसान आंदोलन शक्कर कारखाना शुरू होने तक लगातार चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। सरकार किसानों के साथ शुरू से ही वादाखिलाफी करती हुई आ रही है। इस वादाखिलाफी के खिलाफ क्षेत्र के किसानों में बहुत रोष है जो अब सड़कों पर भी दिखने लगा है। सरकार शक्कर कारखाने को बंद कर यहां की समृद्धि व खुशहाली की निशानी एवं क्षेत्र में रोजगार पैदा करने की एकमात्र धरोहर को बेचकर किसानों के साथ छलावा कर रही है, इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभा के पश्चात किसानों ने तहसीलदार भरत कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा, जिसके माध्यम से उन्होंने शक्कर कारखाने की नीलामी रद्द कर उसे द्वारा से चालू करने की मांग प्रमुखता से उठाई है। आंदोलन के अगले चरण के लिए सर्वदलीय संघर्ष समिति ने जलियांवाला बाग कांड के दिन 13 अप्रैल को गिरफ्तारी देकर जेल भरो आंदोलन का भी आह्वान किया है।

## विश्वास गर्ग के परिजनों ने जताया हत्या का संदेह, एसपी को दिया ज्ञापन



**मुरैना।** सबलगढ़ थाना क्षेत्र मैं होली के दिन चंबल में नहाने गए व्यापारी पुत्र की लास् राजस्थान क्षेत्र में मिलने के बाद परिजनों ने हत्या का संदेह जताते हुए बुधवार को मुरैना आकर पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी को ज्ञापन दिया है और मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। एसपी को ज्ञापन देने आए परिजनों ने बताया कि 18 मार्च होली के दिन दोपहर 12 से 1 के बीच आयुष गुप्ता पुत्र नवलेश गुप्ता एवं ऋषभ कर्ण पुत्र बुद्धा उसके पुत्र को घर से बुलाकर मोटरसाइकिल पर बिठाकर ले गए, इसके पश्चात विश्वास गर्ग की बड़े बेटे ऐश्वर्या गर्ग से दिन में 2 मिनट से अधिक बात हुई तो उसने कहा कि 30 मिनट में घर आ रहा हूं तथा इसके बाद विश्वास से कोई संपर्क नहीं हो पाया। होली वाले दिन ही 4:03 पर ऋषभ को कॉल लगाया तो उसका फोन बंद जा रहा था। इसके बाद 4:25 पर आयुष गुप्ता के मोबाइल पर बात हुई तो उसने कहा कि विश्वास मेरे घर पर सो रहा था और वह 1 घंटे पहले घर से निकल गया है, इसके बाद मेरे बेटे ने फिर से आयुष को 4:50 पर कॉल किया तो उसने बताया कि हम हॉस्पिटल पर खड़े हैं, तुम आ जाओ, सभी परिजन हॉस्पिटल पहुंचे, वहां कोई नहीं था। यहां आयुष की आदर्श मेडिकल के नाम से दुकान है, इसके बाद 4:58 पर आयुष ने मोबाइल पर बोला मैं 5 मिनट में आ रहा हूं। इसके पश्चात 5:05 पर उसने मोबाइल पर कहा तुम देवी मंदिर पर आ जाओ, फिर बड़ा लड़का ऐश्वर्या देवी मंदिर पर पहुंचा, वहां आयुष अपने पिताजी और तीन लोगों के साथ खड़ा था। आयुष ने बताया कि विश्वास चंबल से गायब हो गया है, यह जानकारी मिलते ही ऐश्वर्या अपने दोस्त के साथ चंबल पर विश्वास को तलाशने गया। कुछ समय बाद आयुष उसके पापा और 5-6 लोग आए, इसके बाद ऐश्वर्या ने अपने पिता को 6:21 पर इनफॉर्म किया, जिसके बाद वह कुछ लोगों के साथ चंबल पर विश्वास को तलाशने के लिए पहुंचे तथा बड़ी संख्या में लोग भी वहां पर आ गए। वहीं पर आयुष गुप्ता ने विश्वास का मोबाइल बड़े बेटे को दे दिया।

# पुलिस थाना चिन्नौनी के द्वारा 10,000/- रूपये का फरार ईनामी आरोपी के कब्जे से एक अबैध 315 बोर की अधिया बन्दूक व 05 जिन्दा राउण्ड़ किए बरामद

**पुष्पांजली टुडे**

**मुरैना ।** विदित हो कि वर्ष 2011 में आरोपी द्वारा अपने भाईयों की मौत का बदला लेने के लिये झुण्डपुरा में गोली मार कर प्राणघातक हमला किया गया था जिस पर थाना चिन्नोनी में आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 74/11 धारा 307,34 भादवि इजाफा धारा 25/27 आयुद्ध अधि. का अपराध पंजीवद्ध किया गया था। उक्त अपराध में आरोपी को 07 वर्ष की सजा माननीय न्यायालय द्वारा दी गई थी इसी प्रकार वर्ष 2011 में ही आरोपी द्वारा ग्रा. हीरापुर रोड पर गोली मार कर हत्या कर दी थी जिस पर से थाना चिन्नोनी में अप.क्र. 75/11 धारा 302, 294, 34 भादवि इजाफा धारा 25/27 आयुद्ध अधि का पंजीवद्ध किया गया था। उक्त अपराध में आरोपी को आजीवन कारावास की साज माननीय न्यायालय द्वारा दी गई थी। उक्त



प्रकरण में ही आरोपी विगत 10 वर्ष से जिला जेल ग्वालियर में निरूद्ध होकर आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। विगत वर्ष 2021 में आरोपी को माननीय न्यायालय द्वारा 03 माह की पैरोल पर छोड़ा गया था परंतु निर्धारित अवधि पूर्ण होने के उपरांत भी आरोपी वापस जेल नही पहुंचा जिससे माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आरोपी का स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। आरोपी की तलाश के दौरान ज्ञात हुआ था की आरोपी अपने दुश्मनों से बदला लेने की फिराक में फरार हुआ है तथा आरोपी के विरुध्द जिला मुरैना तथा श्योपुर के थानो मे भी गम्भीर आपराधिक प्रकरण पंजीवध्द है। उक्त फरार आरोपी की गिरफ्तारी को गंभीरता से लेते हुये आरोपी की गिरफ्तारी पर 10,000 रूपये का ईनाम घोषित किया गया था उक्त कार्यवाही में थाना चिन्नोनी के थाना प्रभारी उनि अविनाश सिंह राठौड, चौकी प्रभारी झुण्डपुरा सउनि सोबरन सिहं, आर.अजीत जाट,आर.सतेन्द्र सिह,आर. लवकुश शर्मा,आर.रूप सिह जाट,आर.चालक विजेन्द्र सिह,आर.गोरव, आर, शिवम,आर.रामचित्र,आर.अजीत गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

# बाराहेड गोहद की लाडली बेटी ने किया वीरभूमि चंबल को गौरवान्वित

**महेन्द्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**गोहद।** दिल्ली में पुलिस विभाग द्वारा कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर के खिलाड़ियों द्वारा वार्ता की गई ।इस कराटे चैंपियनशिप में गोहद जिला भिंड के गांव बाराहेड की बेटी निहारिका द्वारा प्रतियोगिता में सहभागिता कर बेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीतकर न केवल गोहद और भिंड जिला अपितु वीरभूमि चंबल और मध्य प्रदेश को गौरवान्वित किया है और यह सिद्ध किया है कि अब बेटियां किसी से कम नहीं और हर क्षेत्र में देश का नाम गौरवान्वित कर रही हैं । बेटी निहारिका द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धि पर गोहद तहसील के समस्त जन एवं स्वदेशी जागरण मंच के जिला एवं विभाग के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा शुभकामनाएं और बधाई दी गई। बधाई देने वालों में आचार्य बृज मोहन शर्मा स्वदेशी जागरण मंच, अरविंद शर्मा क्रीड़ा भारती राकेश गौर संचालक पब्लिक स्कूल कमलेश राजोरिया ,ललित शर्मा, मनोज थापक ,संजय शुक्ला, आशीष शर्मा ,बृजपाल तोमर, मयंक काकर ,कपिल शर्मा प्रमुख हैं।




## अखिल भारतीय मैथिल ब्राह्मण महासभा ग्वालियर का होली मिलन समारोह रंग पंचमी के दिन मंगलवार को संस्था अध्यक्ष कवि पं रामवरण ओझा के निवास पर संपन्न हुआ



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** संस्था के संरक्षक पंडित मथुरा प्रसाद शर्मा जी, उपाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद ओझा जी, पं राधेश्याम ओझा जी, पं मुरारी लाल शर्मा जी ,संस्था सचिव पं रवींद्र शर्मा जी, डॉ पं पुरुषोत्तम झा जी, डॉ पं विजय कुमार ओझा जी और अन्य लोगों ने मिलकर होली मिलन समारोह बड़ी खुशी के साथ मनाया। किसी ने नये, किसी ने गांव के पुराने किस्से सुनाए। कई तरह की सामाजिक, राजनीतिक और साहित्यिक बातें हुई ।जिससे हंसी का खूब माहौल बना। बड़ी आत्मीयता के साथ हम सबने एक दूसरे के गले मिलकर प्रसन्नता महसूस की।बाद में होली पर एक हास्य रस कवि सम्मेलन भी हुआ। जिसमें कवि पं अरविंद कुमार बरुआ जी,कवि पं रामवरण ओझा जी,कवि पं रमेश त्रिपाठी मच्छण्ड जी,कवि पं अशोक मस्तराज जी ने होली की सुंदर रचनाएं सुनाकर माहौल को सुंदर और खुशनुमा बना दिया। सबने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर के बड़े प्रेम से होली मनाई। संस्था के सदस्यों ने अध्यक्ष व्दारा रखे प्रस्ताव अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित करने का समर्थन दिया। संस्था सचिव श्री रवींद्र शर्मा जी ने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय अधिमान्य पत्रकार संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद द्विवेदी मनोनीत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पटेल द्वारा राष्ट्रीय अधिमान्य पत्रकार संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष चयन समिति शरद द्विवेदी [सतना] को मनोनीत किया गया। शरद द्विवेदी ने अपनी नियुक्ति पर संगठन का आभार व्यक्त किया गया। शरद द्विवेदी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चयन समिति नियुक्त होने पर, रश्मि सिंह चौहान राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, उर्मिला मिश्रा लखनऊ, रीना शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ, मानसी भारद्वाज राष्ट्रीय महासचिव, फिल्म निर्माता एंव अभिनेत्री रागिनी पाण्डेय मुंबई, निर्माता निर्देशक मंजू गौतम भोपाल, दिनेश पाण्डेय राष्ट्रीय सचिव, अजय द्विवेदी प्रदेश महासचिव, रेखा तिवारी, पूजा शर्मा, रक्षा शर्मा, धामी शर्मा, अशोक शर्मा पंजाब, रीमा गुप्ता हरियाणा, ऊषा शर्मा दिल्ली, सुमन पाण्डेय छत्तीसगढ़, रिचा कर राजस्थान, उर्मिला ओझा महाराष्ट्र, अशोक तिवारी धार सहित शुभचिन्तकों ने बधाई दी!



# व्यापार मंडल द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया

**संतोष सिंह भदोरिया पुष्पांजली टुडे**

**गोरमी।** व्यापार मंडल गोरमी द्वारा नगर के थाना रोड पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मध्य प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री ओ पी एस भदौरिया एवं विशेष अतिथि के रुप में जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह भदौरिया जिला मंत्री राजकुमार जैन उपस्थित थे कार्यक्रम के प्रारंभ में व्यापार मंडल के अध्यक्ष सोबरन सिंह भदोरिया सोनू ने उपस्थित अतिथियों के गुलाल लगाकर स्वागत किया इसके बाद उपस्थित कलाकारों द्वारा फाग एवं भजन प्रस्तुत किए गए इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मध्य प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कहा मुझे बेहद खुशी है कि व्यापार मंडल द्वारा आज होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है इस प्रकार के कार्यक्रम से व्यापारी भाइयों में आपस में प्रेम बढ़ता है और मनोरंजन भी होता है इस अवसर पर राज्यमंत्री भदोरिया ने उपस्थित सभी व्यापारी भाइयों के गुलाल एवं रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी इस




अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष के पी सिंह भदोरिया ने कहा होली रंग और उत्सव का पर्व है इसलिए इस पर्व को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए कोरोना के कारण पिछले 2 वर्ष से हम लोग होली नहीं खेल पाए इसलिए इस वर्ष होली में उमंग एवं उत्साह ज्यादा है इस अवसर पर नायब तहसीलदार शिवदत्त कटारे मान सिंह यादव बल्लू पांडे मंगल सिंह भदोरिया कमल दीक्षित संजीव ओझा राजीव श्रीवास्तव राकेश गुप्ता मुकुट सिंह भदोरिया कल्ली खान पप्पू पुरोहित राहुल जैन चंदन गुप्ता राजीव जैन प्रताप नरवरिया सुरेश राठौर आदि उपस्थित थे।

## जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा ने विश्व जल दिवस के अवसर पर जगह-जगह लगवाई पानी की टंकियां




**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी**-आज विश्व जल दिवस के उपलक्ष में जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा की महिलाओं ने शंकर कॉलोनी के पार्क में जानवरों के पीने के पानी की टंकी लगवाई जिससे जानवरों को भरी गर्मी में पीने के पानी की परेशानी दूर की जा सके जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा की महिलाओं ने प्रण लिया था कि जानवरों को प्यासे नहीं रहने देंगे और आज जल दिवस के अवसर पर उन्होंने पानी की टंकी की द्य व्यवस्था की जिसमें में जोन डायरेक्टर एस एम ए प्रियंका शिवहरे आईपीपी जेसी स्मिता सिंगल प्रेसिडेंट जेसी आशु अग्रवाल सचिव जैसी रश्मि गोयल जैसी रुचि मंगल जैसी नीता श्रीवास्तव जैसी निशा गोयल जैसी रुचि मंगल जेसी प्रियंका सोनी जेसी शिल्पी शर्मा आइकॉन ब्यूटी पार्लर जेसी नीतू ज्वेलर्स एवं सभी जेसीआई की महिलाएं उपस्थित रहीं । इस प्रोग्राम नीतू जैन महत्वपूर्ण योगदान रहा

# नगर की समस्याओं को लेकर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे आंदोलन की तैयारियो के चलते विधायक ने ली प्रेसवार्ता

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

गोहद नगर मैं समस्याओं को लेकर 25 मार्च को होने वाले आंदोलन को लेकर विधायक ने कार्यालय पर बैठक ली जिसमें नगर पालिका द्वारा अस्थाई बसूली एवं हाट वसूली ठेका टेन्डर प्रक्रिया निरस्त की जावे मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा अपने चहेतों को ऑफ लाईन काम दिया जा रहा है। कार्यों की जांच कराई जावे मुख्य नगर पालिका अधिकारी गोहद द्वारा प्र.म.आवास योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को न दिया जाकर अपने चहेतों को दिया जा रहा है 133 करोड की चुनावी जल आवर्धन योजना अभी तक जमीनी स्तर पर कियानवत न कराना भा.ज.पा. के जनप्रतिधियों की गोहद के विकास को लेकर उनकी मानसिकता को प्रदर्शित करता है।

गोहद नगर पालिका द्वारा सन् 2018 में किला परिसर गोहद में स्थापित राजा भीमसिंह राणा की प्रतिमा का अनावरण अभी तक क्यों नहीं हुआ।सरादार वल्लभ भाई पटेल गेट का निर्माण तथा नया वस स्टेन्ड गोहद से गोहद चौराहा तक रोड के वगल से काफी मकान बने हुये है। इस रोड पर करीब 06 माह से सफाई नहीं कराई गई है। धूल उड़ने से कई बीमारियां फैल रही है वी.पी.एल. एवं ए.पी.एल. कर्मकार मंडल, धारियों को खाद्यान पर्ची नही दी जा रही है। वृद्धा पैंशन, विकलांग पैंशन, विधवा पेंशन के लिये नागरिकों को काफी परेशान किया जा रहा है पिछले कई वर्षों से वंघा के सोन्दरीकरण का काम अधूरा पड़ा हुआ है। एवं लक्ष्मन तलैया का सौन्दर्यीकरण का काम बंद पड़ा है। इन दोनों कामों को जल्द से जल्द चालू कराया जावे अटल चौक से बालक हा. सै. स्कूल तक हाई मास्क लाईट डिवाइडर पर लगाई जावें जिसमें विधायक मेवाराम जाटव,आशीष गुर्जर, नरोत्तम चौरसिया,भगवती प्रसाद शर्मा,टोनी मुद्गल, रविन्द्र वराड, संग्राम सिंह तोमर,कैदार कौशल, राजेन्द्र परिहार,वीपी गुर्जर, ओमप्रकाश माहौर,सूरज शर्मा, रमजान खान,साबू खान, रागिनी चौहान,मालती जाटव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे



# 3 वर्ष से मृत रसोईये के खाते में जा रहा वर्तमान में कार्य करने वाली रसोइया का मानदेय

- हेडमास्टर व बीआरसीसी दोनों ने वरिष्ठ कार्यालय पर फोड़ा ठीकरा
- इतनी बड़ी लापरवाही के लिए जिम्मेदार कौन शिक्षा विभाग व जिला पंचायत की लापरवाही का खामियाजा भुगत रही गरीब महिला




**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

गोहद शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 के प्रधामध्यपक देशराज सिंह द्वारा विद्यालय की रसोइया श्रीमती ज्ञानो बाई की मृत्यु दिनांक 28 सितम्बर 2019 को हो जाने के पश्चात विद्यालय का ठहराव प्रस्ताव कर नई रसोइया भान श्री पत्नी शिवसिंह की अक्टूबर 2019 में नियुक्ति की तथा अक्टूबर माह से मानदेय भान श्री पत्नी शिवसिंह के खाते में जमा करवाने के लिए बीआरसीसी को पत्र लिखा गया। दिलचस्प बात यह रही कि कोरोना काल के समय करीब 16000 रुपये 3 किस्तो में नवीन रसोइया भान श्री पत्नी शिवसिंह के खाते में जमा हुए तदुपरांत फिर उनके खाते में कोई भी मानदेय शिक्षा विभाग व जिला पंचायत द्वारा नही डाला गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमाम में कार्य कर रही रसोइया का मानदेय मृत रसोइया ज्ञानो बाई के बैंक खाते में 2019 से डाला जा रहा है। और वर्तमान में कार्य करने वाली रसोइया अपने मानदेय के लिए इधर उधर भटक रही है लेकिन उसकी न तो शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 के प्रधानध्यापक देशराज सिंह ने सुनी ओर न ही बीआरसीसी द्वारा वर्तमान में बीआरसीसी का चार्ज वर्ग दो की शिक्षक श्रीमती कमलेश तोमर पर है। एक महिला द्वारा दूसरी महिला की पीड़ा न समझना मानवीय व्यवहार के अनुरूप नही है। 2019 से एक मृत महिला के बैंक खाते में रुपये डाले जाना और इस बात की जानकारी से प्रधानध्यापक व बीआरसीसी का अनभिज्ञ होना व वरिष्ठ कार्यालय पर ठीकरा फोड़ना गले नही उत्तर रही।

### इतनी बड़ी लापरवाही के लिए दोषी कौन है शिक्षा विभाग या जिला पंचायत?

क्या प्रशासन में बैठे आला अधिकारी इसकी जांच कर दोषी अधिकारी या कर्मचारी पर कार्यवाही करके पीड़ित महिला को उसका मानदेय दिलवाकर न्याय करँगे

### इनका कहना है

मुझे वर्ष 2019 में प्रधानध्यपक देशराज सिंह द्वारा बच्चों के लिए खाना बनाने के लिए रखा था। मेरा मानदेय प्रधानध्यपक द्वारा करीब2 वर्षो से नही दिया।

**भान श्री पत्नी** शिवसिंह रसोइया शासकीय विद्यालय क्रमांक 2 गोहद

### इनका कहना है

रसोइया के मानदेय के लिए वरिष्ठ कार्यालय जिम्मेदार है मेने इस विषय को वरिष्ठ कार्यलय अवगत करा दिया है।

**कमलेश तोमर** बीआरसीसी गोहद

### इनका कहना है

यह विषय मेरे सज्ञान में आपके द्वारा लाया गया है में आज ही सम्बंधित को नोटिस जारी करता हु

**हरिभुवन तोमर,** जिला शिक्षा अधिकारी भिंड

## नगर कांग्रेस ने अमर शहीद भगत सिंह राजगुरू व सुखदेव की शहादत दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** नगर कांग्रेस भिंड के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी के द्वारा अमर शहीद भगत सिंह,राजगुरू,सुखदेव की शहादत दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई इस अवसर पर उपस्थित शहर जिला अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने कहा अमृतसर में 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड ने भगत सिंह की सोच पर इतना गहरा प्रभाव डाला कि लाहौर के नेशनल कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर भगत सिंह ने भारत की आजादी के लिए नौजवान भारत सभा की स्थापना की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने कहा भगत सिंह ने राजगुरु के साथ मिलकर 17 दिसंबर 1928 को लाहौर में सहायक पुलिस अधीक्षक रहे अंग्रेज अधिकारी जेपी सांडर्स को मारा। इस कार्रवाई में क्रां?तिकारी चंद्रशेखर आजाद ने भी उनकी पूरी सहायता की। इसके बाद भगत सिंह ने अपने क्रांतिकारी साथी बटुकेश्वर दत्त के साथ मिलकर अलीपुर रोड़ दिल्ली स्थित ब्रिटिश भारत की तत्कालीन सेंट्रल असेंबली के सभागार में 8 अप्रैल 1929 को अंग्रेज सरकार को जगाने के लिए बम और पर्चे फेंके। बम फेंकने के बाद वहीं पर उन दोनों ने अपनी गिरफ्तारी भी दी इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ राधेश्याम शर्मा संतोष त्रिपाठी रेखा भदोरिया संदीप मिश्रा बृजेंद्र सिंह कल्लू अजय शर्मा राहुल कुशवाह दर्शन सिंह तोमर बलराम जाटव शैलेंद्र भदोरिया राजेश शर्मा अशोक गुप्ता कुलदीप भारद्वाज राजू लोधी आयुष मिश्रा नीरज पाठक आनंद शाक्य मनोज जैन पिंटू शर्मा बृजेश जैन सुखप्रीत मिश्रा सोनू कुशवाह रामजीलाल शाक्य अंकित तोमर नीरज त्रिपाठी प्रेम नारायण शर्मा शिबू जैन आदि कांग्रेसी उपस्थित थे



## नगर परिषद देवेंद्रनगर में निविदा लगाने के नाम पर किया जा रहा भारी भ्रष्टाचार




**गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना।** देवेंद्रनगर नगर परिषद में इन दिनों भ्रष्टाचार का बोलबाला है यहां बरसों से कुंडली जमाए बैठे लोकल के अधिकारी भ्रष्टाचार का खेल खेलने में लगे हुए हैं चाहे वह किसी कार्य को लेकर गोलमाल हो या निविदाओं को लेकर यहां पर भ्रष्टाचार जमकर किया जा रहा है।देवेंद्रनगर नगर परिषद में सभी नियमों को ताक पर रखकर निविदा लगाने के नाम पर भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है यहां पर बिना आरो जारी किए दलालों के माध्यम से निविदाएं जारी कर दी जाती हैं जिसका भुगतान भी दलालों को माध्यम से किया जाता है।जब इस संबंध में नगर परिषद के सीएमओ से बात करनी चाही तो उन्होंने फोन तक उठाना मुनासिब नहीं समझा। इसके बावजूद भी बीते कुछ दिनों पूर्व यहां पर फिर बिना आरो के निविदा जारी कर दी गई। यह भ्रष्टाचार का खेल यही नहीं रुकता है नगर परिषद में जमे हुए दलाल समाचार पत्रों में निविदा लगाने के लिए सब्जी भाजी की तरह मोल भाव तय करते हैं जिस पेपर का प्रकाशन नही होता उस पेपर में देवेंद्र नगर परिषद द्वारा उस पेपर पर विज्ञप्ति निकलवाई जाती है नगर परिषद में जमे भ्रष्टाचारी बाबू का कमीशन निकालने के बाद कीमत तय की जाती है। इस तरह भ्रष्टाचार का खेल नहीं रुक रहा है इससे स्पष्ट जाहिर होता है कि नगर परिषद के सीएमओ साहब भी इस खेल में संलिप्त नजर आ रहे है।और साथ ही बाबुओं और दलालों का यहां पर बोलबाला है।

- **सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार देवेंद्रनगर सीएमओ भी इस खेल में शामिल है।**
- **फोन तक उठाना मुनासिब नही समझते सीएमओ साहब**

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर मप्र अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** मध्यप्रदेश में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों में पुनः आक्रोश पनप रहा है। कर्मचारी प्रदेश की सरकार से पुरानी पेंशन बहाली करने की मांग कर रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में म.प्र.अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ लांजी ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम पुरानी पेंशन बहाली करने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में संयुक्त मोर्चा संघ ने कहा है कि म प्र शासन द्वारा 01 जनवरी 2005 से मप्र में नियुक्त होने वाले कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था बंद कर नई पेंशन योजना लागू की गई है जिसके तहत कर्मचारियों के सेवा निवृत पश्चात प्रतिमाह मात्र 800 से 1000 रू तक ही पैंशन प्राप्त हो रही है, जिससे बुढ़ापे में कर्मचारियों की अजिविका मुशकिल हो गया है । न्यू पेंशन स्कीम में परिवार पेंशन का भी प्रावधान नहीं है। आगे ज्ञापन में कहा कि नई पेंशन स्कीम में कर्मचारी के कुल वेतन का 10 प्रतिशत कटौती किया जाता है आगे ज्ञापन में बताया कि पड़ोसी राज्य राजस्थान सरकार दवारा सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को दुबारा शुरू करने की वर्ष



2022 के बजट में ऐलान किया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार भी ओपीएस लागू करने का आश्वासन दे चुकी है जबकि दिल्ली सरकार के द्वारा पुरानी पेंशन बहाली हेतु घोषणा की जा चुकी है । वहीं पश्चिम बंगाल में पुरानी पैशन प्रणाली लागू है। 1 जनवरी 2005 के बाद अधिकारीयों कर्मचारियों एंव शासन का अंशदान लगभग 13.5 करोड़ रुपये जमा हो चुके हैं म.प्र. सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बहाल करने पर सरकार का अंशदान जो लगभग 7 करोड़ रुपये है वह सरकार को प्राप्त हो सकेंगे जिन्हें सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर या किसी अन्य कार्यों में उपयोग कर सकती है एंव अधिकारीयों कर्मचारियाँ के अंशदान की जीपीएफ खाता में समायोजन किया जा सकता है।

### इन्होंने सौंपा ज्ञापन

चन्द्रकिशोर वानखेड़े, रामकुमार दहीकर, भागीरथ कोठारे, शिवनारायण दहीकर, टेकचंद पांचे, श्री मानकर, प्रमिला बिसेन, संध्या मुरकुटे, अफसाना खान, चित्ररेखा ऐड़े, फारुक नाजमी, एल आर मुरकुटे, दीपक रामटेके,अशोक महिश्वरे,आनंद लटारे, शिक्षकगण व अन्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कुश्ती प्राचीन भारत का महत्वपूर्ण खेल और हमारी भारतीय संस्कृति की मुख्य पहचान है : ओपीएस भदौरिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने दो करोड़ की लागत से बनने वाले स्टेडियम के लिए घोषणा की, दंगल में हुए शामिल*

भिण्ड। कुश्ती प्राचीन भारत का महत्वपूर्ण खेल है और हमारी भारतीय संस्कृति की मुख्य पहचान है भारत में कुश्ती प्राचीन काल से मशहूर है जो कि प्रारंभिक काल को मल्हा युद्ध के हाथों से



मुकाबले के रूप में जाना जाता है और अब हमारी मातृ शक्ति भी महिला पहलवान के रूम में अपनी मुख्य पहचान बनाए हुए हैं और अनेक ओलंपिक क्षेत्रों में पुरुष और महिलाएं दोनों ने दंगल की मुख्य पहचान को स्थापित किया है द्य यह उद्गार मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने क्षेत्र के सिद्ध स्थान नत्थू बाबा मंदिर परिसर मैं चल रहे दंगल में पहुंचकर लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए और पहलवान खिलाड़ियों को भी उन्होंने बधाई दी द्य वहीं उन्होंने 2 करोड़ की लागत से बनने वाले खेल स्टेडियम के लिए घोषणा की।

## भाजयुमो जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा भिंड ने शहीद दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियानद्य



**संतोष सिंह भदोरिया पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड /** हाल ही में देखने को मिल रहा है कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह कुशवाहा द्वारा अनेकों प्रकार के समाज हित में कार्य किए जा रहे हैं और साथ ही वह युवाओं के चहेते बने हुए हैं नवनियुक्त युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह के साथ युवा टीम काफी सक्रिय रहती है इसी तरह आज शहीद दिवस के दौरान स्वच्छता अभियान में भी उन्होने बड़ चढ़ कर सभी युवा कार्यकर्ता ने हिस्सा लिया, युवा कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से अतुल पाठक, गोपाल राजावत, प्रतीक पांडे, सौरभ जैन, सरजन नरवरिया, हरीकृष्ण चौधरी अमित चौधरी, सोनू जैन, लवकुश परिहार, शिखर समाधिया, अभी नारोलिया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# समर्पित एवं कर्मठ कार्यकर्ता को पुनः मिली जिम्मेदारी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष श्री विष्णु दत्त शर्मा जी व भारतीय जनता युवा मोर्चा,मध्य प्रदेश के अध्यक्ष श्री वैभव पवार जी नें युवा मोर्चा अध्यक्षो की घोषणा की है जिसमे ग्वालियर का जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी को नियुक्त किया गया है प्रतीक जी तिवारी मूलतः ग्वालियर के निवासी है आप छात्र जीवन से ही सामाजिक गतिविधयों में सक्रिय रहे है आपकी शिक्षा जेनरेशन एंड मास कम्युनिकेशन में मास्टर्स डिग्री जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी भोपाल, पोस्ट ग्रेजुएट मास्टर इन आर्ट्स पॉलिटिकल साइंस जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर से हुई है,वर्तमान में आप शोधार्थी है आपने सक्रिय छात्रनेता के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में लंबे समय तक( 2006-2014 ) काम किया है आप विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री ,ग्वालियर महानगर सहमंत्री ,ग्वालियर विभाग के सह संयोजक ,लगातार तीन बार ग्वालियर विभाग के विभाग संयोजक ,प्रान्त कार्यकारी परिषद के सदस्य,प्रदेश सह मंत्री ,प्रान्त टीम के सदस्य रहते हुए लगभग आठ वर्षों तक काम करते हुए आपकी छवि लगनशील ,कर्मठ कार्यकर्ता और कद्दावर छात्र नेता की रही है



आप नें कई बार देश के विभिन्न स्थानों पर अखिल भारतीय स्तर के छात्र नेता सम्मेलनों और राष्ट्रीय अधिवेशनों में भाग लिया है आपने द्वारा बनाई गई शुल्क निर्धारण समिति में म.प्र. के शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ली जाने वाली फीस एवं उनके शैक्षणिक स्तर पर लंबे समय तक शोध किया है।आप शिक्षा के व्यवसायीकरण , भ्रष्टाचार के विरुद्ध लगातार आंदोलन करते रहें है ।केंद्र की तत्कालीन यूपीए सरकार द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ बनाये गए फोरम यूथ अगेंस्ट करप्शनमें प्रान्त के सह संयोजक रहे हैं। इसी दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं यूथ अगेंस्ट करप्शन द्वारा संयुक्त रूप से निकाली गई %भ्रष्टाचार मुक्त भारत-संकल्प यात्रा% के ग्वालियर चम्बल संभाग के प्रभारी के रूप में प्रत्येक तहसील केंद्र पर जाकर यात्रा का प्रतिनिधित्व किया। प्रतीक जी युवाओं और छात्रों के बीच सतत संपर्क व सहजता के कारण लोकप्रिय है प्रतीक जी ने नेहरू युवा केन्द्र संगठन (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ,भारत सरकार ) में महानिदेशक प्रतिनिधि के रूप में भी काम किया है

## वन्य प्राणी चीतल की देवभोग वन कैम्पस में तड़प-तड़पकर मौत

**अश्वनी अवस्थी ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**छत्तीसगढ़ ।** गरियाबंद वन मंडल अंर्तगत देवभोग वन परिक्षेत्र के ग्राम केकरजोर में मंगलवार को दोपहर के एक वन्य प्राणी चीतल



अचानक जंगल से भटक करके करजोर के तालाब में आवारा कुत्ते की डर से गहरी पानी के अंदर जा घुसा जिसे देखने के के लिए आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लग गई हिरण को तालाब के बीचों-बीच पानी में लगभग 04 घंटे तक तैरता रहा,,जिसे ग्रामीणों के द्वारा निकाल कर सुरक्षित वन विभाग को सौंपा गया था पर आज रात देवभोग वन कैम्पस में तड़प-तड़पकर मौत हो गई। वन विभाग एस डी ओ राजेंद्र सोरी ने बताया ढेड़ साल का चितल तालाब में घुस गया था जिसे सुरक्षित निकाल उपचार किया जा रहा था रात में मौत हो गई आज बुधवार को सुबह पोस्टमार्टम किया गया है वह संस्कार किया गया है



## सरदार भगत सिंह कामरेड सुखदेव कामरेड राजगुरु कि शहादत दिवस मनाई गई

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** भिंड भारत की जनवादी नौजवान सभा व मुस्लिम अधिकार मंच द्वारा शहीद-ए-आजम कामरेड सरदार भगत सिंह कामरेड सुखदेव कामरेड राजगुरु कि शहादत दिवस मनाई गई शहादत दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देखकर याद किया गया और शासकीय अस्पताल में फल फ्रूट वितरण कर मरीजों के स्वस्थ की कामनाएं की गई इस अवसर पर डॉ राजेश शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे,ष्ठङ्घस्नद्ध संगठन के राज्य महासचिव भूपेन्द्र सिंह गुर्जर के अलावा तमाम क्षेत्रीय नेता भी उपस्थित रहे यह कार्यक्रम मुस्लिम अधिकार मंच के नेता रिजवान पठान के नेतृत्व में आयोजित हुआ जनों सुनीता श्री गुर्जर ने शहीद ए आजम भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव के जीवन पर प्रकाश डाला और कहां शहीदों ने जो समाजवाद के रास्ते पर देश को आगे ले जाने का सपना देखा था उसे आज की सरकारें समाप्त कर दी जा रही हैं भगत सिंह ने कहा था गोरे लोग तो चले जाएंगे लेकिन ये कुछ चंदमुक्कू पूंजीपति इस देश पर राज करेंगे उनके खिलाफ आपको नाम बंद करना पड़ेगा और इस देश को बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा और वह दिन आज आ गया है देश के अंदर फासीवादी ताकतें हावी हो रही है देश के तानाशाह नरेंद्र मोदी की सरकार देश के किसानों को नौजवानों को छात्रों को तबाह करने पर तुली है लेकिन हम भगत सिंह के वंशज है आज क्या करते हैं शहीदों की शहादत बेकार नहीं जाएगी आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी को तिब्बत ताबूत सहित देश से बाहर निकल फैंक देंगे देश के अंदर नए भारत की गणना करेंगे जिससे देश में समाजवाद उत्पन्न हो भाईचारा हो यह लूट का राज खत्म हो इस भ्रष्टाचार के खिलाफ पहली कील काटने के लिए नौजवानों को आगे आने की जरूरत है हम सब साथ हैं लड़ेंगे तो जीतेंगे जरूर धन्यवाद साथियों इस अवसर पर माकपा नेता राशिद खान शाहिद खान राजा परिहार फरमान पठान साबिर खान शानू खान राहुल प्रजापति सौरभ गुर्जर अनस खान कमलेश प्रजापति गौरव गुर्जर आदर्श कांधिल सलमान खान इब्राहिम खान उदय सिंह श्रीवास मेहताब खान भोला खटीक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनवादी महिला समिति ने श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाया शहीद भगतसिंह शहादत दिवस

**महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**गोहद।** गोहद के वार्ड क्रमांक एक में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के बैनर तले शहीद भगत सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके शहादत दिवस को मनाया गया इस अवसर परआधा सैकडा महिलाओ की भागीदारी रही शहादत दिवस पर उपस्थित महिलाओं के बीच जनवादी महिला समिति गोहद की सचिव शोभा माहौर देवी जाटव ने अपने विचार व्यक्त किए उन्होंने कहा 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलिया वाले बाग में आजादी के आंदोलन को गति देने के उद्देश्य एकत्रित किए गए आंदोलनकारियों पर अंग्रेज सरकार ने गोलियां चलवाई वहां सैकड़ों की संख्या में किसान शहीद हो गए थे उससे प्रभावित होकर नन्हा बालक सरदार भगत सिंह जलिया वाले बाग पहुंचे उस मिट्टी से तिलक कर आजादी के आंदोलन में सक्रिय रुप से कूद गए उन्होंने लाला लाजपत राय के नेतृत्व में साइमन कमीशन का विरोध किया जिसमें लाला लाजपत राय की लाठीचार्ज के दौरान मृत्यु हो गई लाठी चार्ज करने वाले अधिकारी को सरदार भगत सिंह ने अपने पिस्टल से खत्म कर दिया था मुकदमे में उन्हें फांसी की सजा बोली गई और 31 मार्च 1923 को सरदार भगत सिंह राजगुरू सुखदेव को अंग्रेज हुकूमत द्वारा फांसी दे दी गई इससे पहले उन्होंने भारत नौजवान सभा का गठन क्रांतिकारी गतिविधियों को चलाया 8 अप्रैल 1929 को सरदार भगत सिंह एवं उनके साथी बटुकेश्वर दत्त ने गूंगे बहरो को सुनाने के लिए मजदूर विरोधी लाए जा रहे कानून के खिलाफ संसदमें बम फोड़ा था



और पर्चे बांटकर अपने उद्देश्य को उन क्रांतिकारी साथियों ने एकत्रित प्रतिनिधियों को चेतावनी देकर अवगत कराया वक्ताओं ने कहा 1907 को जन्मे शहीद भगतसिंह देश के युवाओं के प्रेणश्रोत माने जाते हैं आज 23 मार्च को मनाया गया शहीद भगत सिंह के विचारों को साकार कर शहादत दिवस को संकल्प दिवस के रूप मनाया जारहा है पूंजीवादी व्यवस्था को उखाड फेंकने में महिलाओं कीभूमिका की भी आवश्यकता है इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गुड्डी बाई माहौर सरोज श्रीवास माया राठौर मीरा प्रजापति माया प्रजापति प्रेमवती प्रकाशवती रेणुका चमेलीप्रजापति समीना बेगम फूलवती केसरबाई राम श्री माहौर भूरी बाई मीना वर्मा सहित आधा सैकड़ा महिलाएं उपस्थित रही।

## बजरंग दल प्रखंड पलेरा द्वारा शहीद भगत सिंह राजगुरु शुखदेव जी के वलिदान दिवस पर दी श्रधांजलि



**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पाजंली टुडे**

**पलेरा।** बजरंग दल प्रखंड पलेरा द्वारा शहीद भगतसिंह राजगुरु शुखदेव जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिसमे बजरंग दल प्रखंड संयोजक राजेंद्र राय आर एस एस नगर कार्यवाह पुष्पेंद्र सिंह राजपूत मयंक गुप्ता प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड गोरक्षा प्रमुख रोहित राय प्रखंड बल उपासना केंद्र प्रमुख शान सिंह यादव प्रखंड विद्यालय प्रमुख भोले रैकवार सह महाविद्यालय प्रमुख अभिषेक राजपूत विक्रम सिंह परिहार सुमित रजक करन अहिरवार रोहित गुप्ता प्रखर विश्वरकर्मा एवं सौरभ गुप्ता बजरंग दल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# हमारा अस्पताल नम्बर वन अस्पताल अभियान चलेगा

## संभागीय अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने दिए निर्देश

ग्वालियर।ग्वालियर-चंबल संभाग में शासकीय अस्पतालों को और बेहतर करने के लिये जनभागीदारी से कार्य कराया जाएगा। हमारा अस्पताल नम्बर वन अस्पताल अभियान एक अप्रैल से पुन~ प्रारंभ किया जाएगा। इस अभियान के तहत प्रत्येक सप्ताह एक संस्था को जो?कर अस्पताल में साफ-सफाई एवं अन्य जनसहयोग से कार्य किए जायेंगे। इसके लिये सभी अस्पताल प्रबंधक अपने-अपने अस्पतालों के लिये स्वयंसेवी संस्थाओं को जो?ने का कार्य करेंगे।



संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने बुधवार को संभाग स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग में पूर्व में यह अभियान संचालित किया गया था, जिसके सार्थक परिणाम भी सामने आए थे। कोविड-19 के कारण यह अभियान रूक गया था, इसे एक अप्रैल से पुन~ प्रारंभ किया जाएगा। ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में जिला अस्पताल एवं ब्लॉक स्तरीय अस्पतालों को प्रथम चरण में शामिल किया जायेगा।

संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने बैठक में यह भी कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग में समझौते से समाधान कार्यक्रम के तहत विवाद रहित ग्रामों में निवास कर रहे ग्रामीणों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने का विशेष अभियान चलायेंगे।

संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने सभी संभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि अपने ऑफिस को ई-ऑफिस बनाएं। आयुक्त कार्यालय में जो भी फाइलें भेजी जाएं, वह ई-ऑफिस के माध्यम से भी भेजी जाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब किसी भी संभागीय अधिकारी का कोई भी पत्र अथवा आवेदन ई-ऑफिस के बिना स्वीकार नहीं किया जायेगा।

अंकुर अभियान की समीक्षा के दौरान संभाग आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों से कहा है कि इस वर्ष 10 लाख पौध रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग में लक्ष्य अनुरूप पौध रोपण कार्ययोजना तैयार करें, ताकि लक्ष्य की पूर्ति की जा सके।

### अधिक से अधिक लोग सिटीजन फीडबैक भरें

संभाग स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल ने भी संभागीय अधिकारियों से आग्रह किया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत सिटीजन फीडबैक भरा जा रहा है। अधिकारी अपने-अपने विभाग के मैदानी अमले तक यह संदेश दें कि सभी लोग सिटीजन फीडबैक भरें और अधिक से अधिक लोगों से भरवाएं।

## शहीद दिवस पर अमर शहीदों के बलिदान को किया नमन

ग्वालियर। भारत की आजादी की लड़ाई में अहम योगदान निभाने वाले वीर क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को आज ही के दिन 1931 को अंग्रेजों ने फांसी की सजा दी थी। इन तीनों को खासकर शहीद भगत सिंह को भारत में बड़ी संख्या में यूथ फॉलो करता है, उन से प्रेरणा लेता है, इन्होंने



बहुत कम उम्र में देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था। भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की शहादत आज एक ऐसी व्यवस्था के सपने के लिए थी जो बंटवारे नहीं बराबरी पर आधारित है जिसमें सत्ता के अहंकार को नहीं नागरिकों के अधिकार को तरजीह मिले। सब मिलजुलकर देश के भविष्य का निर्माण करें आइए हम साथ मिलकर इन विचारों को मजबूत करें। उक्त बात बुधवार को जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने शहीद दिवस के अवसर पर मुरार सात न. चैराहे एवं अमर शहीद हेमू कालानी चैक बाड़े पर पहुंचकर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके बलिदान को याद करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि कालांतर में कई सरकारें आई लेकिन उन्होंने इस ओर ध्यान नहीं दिया। द कश्मीर फाइल फिल्म पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह फिल्म किसी प्रोपेगेंडा पर आधारित नहीं, बल्कि 32 साल पुराने अनकहे दर्दनाक सच का सचित्र चित्रण है। उन्होंने देश के फिल्मकारों से मांग की है कि 1947 में विभाजन के समय सिंधी एवं पंजाबी समाज पर हुए अत्याचारों पर भी फिल्म बनाई जाए जिससे कि विभाजन के समय का सच जनता के सामने आ सके।

## संक्षिप्त समाचार

### वेतन, पेंशन, चिकित्सा को छो?कर कोई भी देयक 25 मार्च के बाद कोषालय में नहीं लगेंगे

ग्वालियर। कोष एवं लेखा विभाग के निर्देशानुसार 25 मार्च के पश्चात वेतन, वेतन एरियर, चिकित्सा प्रतिभूति, विद्युत देयक एवं पेंशन के अतिरिक्त कोई देयक स्वीकार नहीं किए जायेंगे। जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी, निर्माण विभाग के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से आग्रह किया गया है कि 25 मार्च तक अपने विभाग में उपलब्ध आवंटन के अधीन देयक कोषालय में प्रस्तुत करें। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी जिला कोषालय ग्वालियर श्री रविन्द्र कुमार शर्मा ने बताया है कि 25 मार्च के पश्चात केवल वेतन, वेतन एरियर, चिकित्सा प्रतिभूति, विद्युत देयक एवं पेंशन के ही देयक लिए जायेंगे।

### मतदाता जागरूकता एवं मिशन इन्द्रधनुष के तहत 24 व 25 मार्च को , विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

ग्वालियर। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत कार्यरत क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो इकाई ग्वालियर द्वारा शासकीय उ. मा. विद्यालय जीवाजीराव में 24 मार्च को प्रात~ 10.30 बजे से मतदाता जागरूकता एवं आजादी का अमृत महोत्सव विषय पर विशेष प्रचार जनजागरूकता के लिए रंगोली, ड्राइंग एवं विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ग्वालियर ने बताया कि 25 मार्च को शारदा विद्यापीठ कुंज बिहार में प्रात~ 11.30 बजे से मिशन इन्द्रधनुष 4.0 एवं आजादी का अमृत महोत्सव विषय पर रंगोली, ड्राइंग एवं विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव 24 मार्च को

**बेरोजगार युवाओं को नौकरी पाने का सुनहरा अवसर**

ग्वालियर। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश निर्माण के तहत जिला रोजगार कार्यालय द्वारा यशस्वी अकादमी फॉर टैलेन्ट मैनेजमेंट (पीपीपी) के सहयोग से 24 मार्च को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है। इस दिन यह रोजगार मेला प्रात~ 11 बजे से गोले का मंदिर-मुरैना लिंक रोड पर गदाईपुरा स्थित रेडीमेड गारमेंट पार्क परिसर में आयोजित होगा। प्लेसमेंट ड्राइव में दो जानी-मानी कंपनियां कैम्पस भर्ती करने आ रही हैं। प्लेसमेंट ड्राइव में 10वीं कक्षा से लेकर स्नातक, एमबीए व बीई योग्यताधारी युवक-युवतियों के लिये नौकरी के अवसर प्राप्त होंगे। चयनित युवाओं को विभिन्न पदों के अनुसार 8 हजार 500 से लेकर 12 हजार रूपए तक का प्रारंभिक वेतन और अन्य भत्ते मिलेंगे। उपसंचालक जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस प्लेसमेंट ड्राइव में दो कंपनियां बेरोजगार युवाओं को नौकरी के लिए चयनित करने आ रही हैं। रोजगार मेले में रॉयल मोटर्स द्वारा कस्टमर केयर मैनेजर, असिस्टेंट वारंटी मैनेजर, सीनियर एडवायजर, इंस्पेक्टर, स्टोर मैनेजर, असिस्टेंट स्टोर एक्जीक्यूटिव व बॉडी शॉप इंचार्ज की भर्ती की जायेगी।

# कचरा कहीं भी जलते हुए मिला तो संबंधित क्षेत्र के डब्ल्यूएचओ पर होगी कार्रवाईः निगमायुक्त श्री कन्याल

### सूखे पत्तों के कचरे को जलाने पर



### दो डब्ल्यूएचओ को निलंबित करने के निर्देश

### सूखे पत्तों के संग्रहण के लिए अतिरिक्त वाहन निकलेंगे क्षेत्र में

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने शहर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए दो स्थानों पर सूखे पत्तों के कचरे में आग लगी हुई पाई जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित दोनों क्षेत्र के डब्ल्यूएचओ को निलंबित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कार्यशाला प्रभारी को सूखे पत्तों के कचरे के संग्रहण के लिए अतिरिक्त वाहन क्षेत्र में भेजने हेतु निर्देशित किया।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने निरीक्षण करते हुए इंद्रमणि नगर में एक खाली प्लॉट पर सूखे पत्तों का कचरा जलता हुआ देखा जिसको देखते ही नाराजगी व्यक्त की तथा तत्काल आग बुझाने के निर्देश दिए और संबंधित क्षेत्र के डब्ल्यूएचओ को निलंबित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इसके साथ ही सिटी सेंटर क्षेत्र में शिवाजी पार्क के पास डीआरडीई के कर्मचारी द्वारा सूखे पत्तों में आग लगाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारी पर ?500 का जुर्माना लगाया और क्षेत्र के डब्ल्यूएचओ को निलंबित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शहर के अन्य कई क्षेत्रों में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को सतर्कता से सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने एवं कर्मचारियों को स्वच्छता व्यवस्था में लापरवाही ना करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिटी प्लानर श्री पवन सिंघल नोडल अधिकारी श्री शिशिर श्रीवास्तव नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल कार्यशाला अधिकारी श्री शैलेंद्र सक्सेना नोडल मदाखलत अधिकारी श्री केशव सिंह चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पूर्व न्यायाधीश को दी स्वच्छता सर्वेक्षण की जानकारी, मोबाइल से दर्ज कराया ऑनलाइन फीडबैक

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सिटी सेंटर स्थित गुलमोहर सिटी में पूर्व न्यायाधीश श्री ए के श्रीवास्तव के निवास पर पहुंचकर उन्हें स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी तथा उनके मोबाइल में वोट फॉर माय सिटी ऐप डाउनलोड कर ऑनलाइन सिटीजन फीडबैक दर्ज कराया।

## उपायुक्त ने किया निरीक्षण, अनुपस्थित मिले सफाई कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटने के दिये निर्देश



ग्वालियर। शहर में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को देखते हुए नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार आज बुधवार को वार्डों में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्वच्छता कर्मियों की उपस्थिति का परीक्षण किया गया जिसमें विभिन्न वार्डों में कुल 15 स्वच्छता कर्मी अनुपस्थित मिले। निगमायुक्त श्री कन्याल ने सभी का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए तथा पुनः अनुपस्थित पाए जाने पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में उपायुक्त स्वास्थ्य डॉ. अतिबल सिंह यादव द्वारा प्रातः 07 बजे क्षेत्रीय कार्यालय कमांक-22,23,24 एवं 25 के अन्तर्गत वार्ड क. 61,62,63,64 एवं 65 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर सफाई कर्मियों की उपस्थिति चेक की जिसमें कुल 15 सफाई संरक्षक अनुपस्थित पाये गये। जिसमें वार्ड क.61 में पवन कुमार, रवि शिन्दे, सुनील पाल, जितेन्द्र सिंह, वार्ड 62 में राहुल, सुधीर सिंह, वार्ड 63 में आकाश, हेमराज जाटव, विजय, भारती, कविता, वार्ड 64 में भूरे, लक्ष्मण, आशा एवं वार्ड 65 में साहब सिंह सफाई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान सभी कर्मचारियों कों वर्तमान में चल रहे स्वच्छता अभियान के संबंध में बताया गया। मेहनत से काम करें जिससे की ग्वालियर नम्बर 1 पर आ सके। स्वच्छता अभियान के तहत निरंतर क्षेत्र व वार्डो का निरीक्षण किया जा रहा है ताकि अभियान को सफल बनाया जा सके। साथ ही सभी सफाई संरक्षकों व समस्त डब्ल्यूएचओ को निर्देशित किया गया कि वह समय पर उपस्थित होकर अपना कार्य सम्पादित करें एवं सफाई संरक्षकों को डेऊस कोड में आने की हिदायत दी। यदि कार्य में लापरवाही बरती जाती है तो संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।






# जैन मिलन ग्वालियर द्वारा सपरिवार होली मिलन का आयोजन किया



### ब्रज गोवर्धन की तर्ज पर भक्तों ने बरसाना की लठमार के साथ 5 ि्ंटल फूलों से खेली होली

### चंदन का टीका लगाकर बृज के गीतों के बीच खेली फूलों की होली

ग्वालियर- जैन मिलन ग्वालियर के तत्वावधान में होली मिलन समारोह में फाग लोक नृत्य एवं बरसाना की लठमार होली ब्रजभूमि गोवर्धन की तर्ज पर कार्यक्रम नई स?क स्थित चंपाबाग बगीची में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 450 मेम्बरों ने भाग लिया।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि कार्यक्रम शुभारंभ कु.रॉनक रानी व प्राची जैन ने मगलचरण से किया। वही मने नही रसिया होली खेले बगैर...बरसाने में धूम मची है होली की...रंग दिये नंद गोपाल बरसाने वाली ढूंढ रहे.....राधा रानी पे हमारी गुलाल बरसे...जैसे भजनो पर श्यामा लोक कल मंच गोवर्धन माथुर से आई कलाकारों फागुन के गीतों के संग लठमार द्वारा जैन मिलन ग्वालियर के 450 सपरिवार पदाधिकरियों एवं सदस्यों के साथ ब्रजभूमि



गोवर्धन की तर्ज पर भक्तों ने खेली 5 क्विंटल फूलों एवं गुलाल से होली खेली। ग्वालियर की संगीत पार्टी झंकार शुभम सैमी होली गीतो की प्रतुति दी। कार्यक्रम में डॉ वीरेंद्र गंगवाल, राष्टीय कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र टोंग्या, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण गंगवाल, उपाध्य बालचंद जैन, संस्था के अध्यक्ष योगेश बोहरा, सचिव आशीष जैन, संजीव जैन, विनय कासलीवाल, एवं संयोजक मंजू निर्मल पाटनी, अनिल सुनीता पाटोदी, मोनिका मनोज सेठी, व धमेंद्र वंदन जैन ने तिलक लगाकर स्वागत किया। अंत मे आभार महामंत्री आशीष जैन ने किया। सभी सदस्यों ने परिवार सहित उपस्थित रहकर होली की शुभकामनाएं दी। होली भारतीय संस्कृति का सबसे बडा त्यौहार है। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे पर फूल डालकर व चंदन टीका लगाकर होली खेली।

## भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव ने दिया बलिदान आजाद करांएगे हिंदुस्तानः डॉ. देवेन्द्र शर्मा



ग्वालियर।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में हेम सिंह परेड स्थित त्रिमूर्ती चैराहा पर अमर शहीदे आजम सरदार भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव, के बलिदान दिवस पर भांवभीनीं श्रृद्धांजली अर्पित की गई। हेम सिंह की परेड पर स्थापित नेताजी सुभाषचंन्द्र बोस एवं चंन्द्रशेखर आजाद को भी नमन किया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा एवं प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा ने अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव को नमन करते हुए कहा कि इनके त्याग बलिदान कुर्बानी को भारत सदैव नमन करता रहेगा, भारत के स्वाधीनता आंदोलन के दौरान देष को आजाद कराने के लिये इनके संकल्प से अंग्रेजी हुकुमत डगमगा गई थी, इन तीनो की जो?ी ने अग्रेजी हुकुमत को लोहे के चने चबबा दिये थे, सरफरोशी की तमन्न अब हमारे दिल मे, जोर कितना बाजु-ए-कातिल में है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478